- दूसरे राउंड के 45 छात्र थे जांच दायरे में, एक ने भी नहीं कराई स्क्रूटनी
- चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक सबका प्रवेश होगा निरस्त


छत्ती. में लागू होगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दूसरे राउंड की एनआरआई सीटों पर रोक, बदल जाएगा सिस्टम


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### फीस भुगतान प्रक्रिया की हो जांच

एनआरआई कोटे से प्रवेश के तमाम पहलुओं के साथ विदेशी मुद्रा अथवा बैंक से निजी मेडिकल कालेजों को फीस भुगतान की जांच की मांग की गई है। साथ ही इस बात का खुलासा करने की आवश्यकता बताई गई है कि एडमिशन लेने वाले कितने छात्रों का सीधा संबंध दूसरे देशों से है। उनके माता-पिता या फीस जमा कराने वाले अभिभावक विदेश में रहते हैं। एनआरआई सर्टिफिकेट जारी करने और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अपनाई गई है। इसके लिए कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा से जुड़े तमाम जिम्मेदारों सहित एनएमसी को पत्र प्रेषित किया है।

## एनआरआई का खेल, समय खत्म और अब होगा एक्शन, जांच के लिए एक भी नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमबीबीएस एडमिशन के लिए एनआरआई कोटे का लाभ वालों को साक्ष्य प्रस्तुत करने दी गई तीन दिन की मोहलत समाप्त हो गई। दूसरे राउंड में प्रवेश लेने वाले 45 विद्यार्थी जांच दायरे में थे, मगर स्क्रूटनी कमेटी के सामने एक भी पेश नहीं हुआ। चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक सभी के प्रवेश को निरस्त किया जाएगा। इसके लिए विभागीय आदेश का इंतजार किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे का लाभ दिलाने दूर के रिश्तेदारों के नाम पर प्रमाणपत्र को सालों से मान्य किया जा रहा था। इसके नाम पर होने वाले करोड़ों के खेल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। महाधिवक्ता से मिली विधिक सलाह के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 24 सितंबर के बाद एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को अपने दस्तावेज चेक करने का निर्देश दिया था। उनके दस्तावेजों को सुप्रीम कोर्ट के ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि लगातार

### पांचों कालेजों में एडमिशन

सुप्रीम कोर्ट का निर्देश आने के बाद प्रदेश में पूरी की गई काउंसिलिंग की प्रक्रिया के तहत दूसरे राउंड में सभी पांचों निजी मेडिकल कालेज में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की गई है। इनमें दुर्ग जिले के शंकराचार्य तथा अभिषेक राय स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में 18 लोगों को एडमिशन दिया गया है। रायपुर जिले से संबंधित रावतपुरा, रिम्स तथा बालाजी मेडिकल कालेज में 27 विद्यार्थियों को एनआरआई कोटे से एडमिशन दिया गया है, जिनके दस्तावेजों को भी जांच के दायरे में लाया गया है।


एनआरआई कोटे से एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले पहले दिन झांके तक नहीं, दो दिन बाद प्रवेश रद्द

हरिभूमि की खबर पर मुहर
- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश
- दस्तावेज सही नहीं तो प्रवेश निरस्त

दूसरे राउंड में एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वाले 45 छात्र जांच के दायरे में

संडे को भी किसी ने नहीं दिखाए 'सबूत' आज आखिरी दिन, फिर एडमिशन रद्द

### प्रवेश निरस्त होगा

शासन के निर्देश के अनुसार एनआरआई कोटे से प्रवेशित छात्रों को दस्तावेजों की जांच के लिए तीन दिन का वक्त दिया गया था। इसके लिए शासकीय मेडिकल कालेजों में व्यवस्था की गई थी, जिन्होंने स्क्रूटनी नहीं कराई, उनका प्रवेश निरस्त किया जाएगा।

- किरण कौशल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा

## खबर संक्षेप

### मोदी की डिग्री मामले में केजरीवाल को राहत नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने मामले में जारी समन को रद्द करने से इनकार करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

### प्रियंका कल करेंगी नामांकन सोनिया, खरगे रहेंगे मौजूद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगी। इस मौके पर पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

### म्यांमा में नौका डूबी, सात लोगों की मौत, 30 लापता



**बैंकॉक।** म्यांमा में सैनिकों और लोकतंत्र समर्थक छापामार लड़ाकों के बीच लड़ाई से बचकर जा रहे लोगों की नाव अंडमान सागर में पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग लापता हैं। बचाव कार्य में मदद कर रहे एक ग्रामीण के अनुसार, नाव से लगभग 30 लोगों को बचा लिया गया है।

### ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट से ढहा मकान, 5 की मौत



**नई दिल्ली।** यूपी के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद में एक मकान में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से पूरा मकान ढह गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई अन्य लोगों के घायल व मलबे में दबे होने की खबर है। आशापुरी मोहल्ले में एक महिला को ऑक्सीजन दी जा रही थी।

## शराब घोटाले में नया खुलासा, सीएमसीएल के पूर्व डीजीएम समेत 9 पर ईओडब्ल्यू में केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ईडी की टीम ने इस संबंध में सीएमसीएल के तत्कालीन डीजीएम सहित नौ लोगों के खिलाफ ईओडब्लू/एसीबी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईडी के अफसरों ने सीएमसीएल के तत्कालीन डीजीएम नवीन प्रताप सिंह तोमर तथा सीएमसीएल के बीआर लोहिया, अजय लोहिया के साथ अभिषेक कुमार सिंह, तिजाउराम निर्मलकर, नीरज कुमार, देवांश देवांगन, जितेंद्र कुमार निर्मलकर, लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा तथा अन्य के खिलाफ ईओडब्लू में रिश्वत लेने की शिकायत दर्ज कराई है। ईडी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक उनकी टीम ने दो लोगों को 28 लाख 80 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार सीएमसीएल का अफसर मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाली कंपनी से बिल भुगतान करने के एवज में रिश्वत लेता था।

*राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में नए तथ्य सामने आए हैं। घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की टीम ने जांच में पाया कि छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएमसीएल) बिल भुगतान करने के नाम पर आठ प्रतिशत कमीशन लेती थी।*

### मैनपॉवर उपलब्ध कराने आठ प्रतिशत कमीशन

पूछताछ में लोकेश ने ईडी के अफसरों को बताया कि सीएमसीएल के तत्कालीन डीजीएम के पास उसने अपने कर्मचारी जितेंद्र का नंबर साझा किया था। मेसर्स ईगल हंटर्स के नीरज ने ईडी को बताया कि नवीन प्रताप सिंह तोमर मैनपॉवर उपलब्ध कराने वाली कंपनियों से बिल भुगतान करने के एवज में रिश्वत लेता था। नवीन प्रताप सिंह बिल भुगतान करने के एवज में आठ प्रतिशत की दर से रिश्वत की मांग करता था।






- मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाली कंपनियों से ली जा रही थी आठ फीसदी कमीशन, ईडी ने कराया केस दर्ज

### चैनल के रास्ते रिश्वत पहुंचता था

ईडी ने जिन लोगों को रिश्वत देते तथा लेते पकड़ा था, दोनों निजी क्षेत्र से जुड़े लोग हैं। ईडी ने रिश्वत लेने के आरोपी देवांश देवांगन तथा जितेंद्र से पूछताछ की, तो दोनों ने ईडी के अफसरों को बताया कि उन्हें उनके रियल एस्टेट बॉस लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा, मेसर्स फॉर्च्यून बिल्डकॉन के मालिक द्वारा नकदी एकत्र करने के निर्देश दिए गए थे। इस पर ईडी ने लोकेश से पूछताछ की, तो उसने खुलासा किया कि उसे नवीन प्रताप सिंह ने नकदी एकत्र करने के लिए कहा था।

### पिछले वर्ष रिश्वत देते पकड़ा था

ईडी ने ईओडब्लू में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक पिछले वर्ष 29 नवंबर को सीएमसीएल दफ्तर में छापे की कार्रवाई के दौरान अभिषेक कुमार सिंह, तिजाउराम देवांश को जितेंद्र कुमार को रिश्वत देते हुए पकड़ा था। तिजाउराम तथा अभिषेक मेसर्स ईगल हंटर सॉल्यूशंस लिमिटेड के कर्मचारी हैं। दोनों व्यक्ति सीएमसीएल को मैनपॉवर उपलब्ध कराने का काम करते थे। अभिषेक ने पूछताछ में ईडी को बताया कि वह अपनी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी नीरज कुमार के कहने पर सीएमसीएल के अफसर को रिश्वत देने आया था।

## ट्रक की ठोकर से पूजा कर घर लौटते भाई, बहन-भांजी की मौत, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर मांडले ढाबा के सामने रामेश्वरम महादेव मंदिरके पास सड़क हादसे में पूजा कर घर लौट रहे भाई, बहन और भांजी की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक भांजी गंभीर रुप से घायल है, जिसका उपचार जारी है। घटना सोमवार की बताई गई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पाऊवारा उतई निवासी रानी उर्फ ऋतु साहू 32 वर्ष अपनी बेटी जया 9 वर्ष और पूजा डेढ़ वर्ष के साथ अपने मायके ढौर वार्ड 1 आ रही थी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भीषण हादसे में तीनों लाश ट्रक के पहिए में फंसी



### ट्रक मालिक व प्रशासन ने दी आर्थिक सहायता

प्रदर्शनकारी ट्रक मालिक को सामने लाने की जिद कर रहे थे लेकिन मालिक ने मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपए कैश और प्रशासन की ओर से 75 हजार रूपए का चेक दिया गया। उसके बाद क्रेन की मदद से फंसे ट्रक को बाहर निकाला गया। इसके अलावा शव को भी ट्रक के चक्के से निकालकर पीएम के लिए सुपेला स्थित अस्पताल भेजा गया। मृतका अपने मायके गृह प्रवेश में शामिल ▶▶ शेष पेज 4 पर

## छग सीमा पर गढ़चिरौली में मुठभेड़ जवानों ने मार गिराए चार नक्सली


एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव के मद्देनजर जहां चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जा रही है वहीं छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के सीमावर्ती इलाके भामरागढ़ तहसील में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सूत्रों के अनुसार इस ऑपरेशन में सुरक्षाबल का जवान भी घायल हुआ है।

### ऐसे हुआ एनकाउंटर

दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इसके बाद महाराष्ट्र के सी60 कमांडो ने ऑपरेशन लांच किया। जवानों की टीम इलाके में निकली थी। यहां नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में जवानों ने कम से कम 4 नक्सलियों को मार गिराया है। इस फायरिंग में एक जवान गोली लगने के भी समाचार हैं जिसे बेहतर उपचार के लिए नागपुर भेजा गया है।

### गढ़चिरौली जिले के सीमावर्ती इलाके भामरागढ़ तहसील में हुई मुठभेड़



### नक्सल विरोधी विशेष दस्ता सी-60 भी पहुंचा

सूत्रों का कहना है कि मुठभेड़ स्थल की ओर नक्सल विरोधी विशेष दस्ता सी-60 को भेजा गया है। मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने की आशंका है। नक्सलियों के पास से चार राइफलें, एक देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस जब्त किए गए। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के नारायणपुर की सीमा से लगे इलाके में हुई।

### एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

बता दें कि हाल ही में तेलंगाना पुलिस ने एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया जिसके सिर पर पुलिस ने एक करोड़ का इनाम रखा था। आरोपी महिला की पहचान सुजाता के रूप में हुई। सुजाता नक्सली लीडर कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी की विधवा है। 2011 में जब किशनजी को पुलिस ने मार गिराया तो वह बंगाल से बस्तर आ गईं। इसके बाद वह यहां सक्रिय हो गई और बस्तर डिविजनल कमेटी की प्रभारी समेत कई पदों पर तैनात रहीं।

### पैतृक गांव में हुए सम्मान समारोह में कहा- आस्था से मिलता है मार्ग

## राम जन्मभूमि समाधान भगवान ने निकाला : चीफ जस्टिस

एजेंसी ▶▶ पुणे

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को एक विशेष अवसर पर अपने पैतृक गांव कन्हेरसर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस विवाद का समाधान भगवान की कृपा से संभव हुआ। सीजेआई चंद्रचूड़ ने पुणे के खेड़ तालुका स्थित कन्हेरसर गांव में सम्मान समारोह के दौरान कहा कि उनके पास अक्सर ऐसे मामले आते हैं जिनका समाधान कठिन होता है। बता दें कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भगवान के सामने बैठा और की प्रार्थना

सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन में कहा, "अयोध्या विवाद मेरे सामने तीन महीने तक चला, और यह बेहद संवेदनशील मामला था। मैं भगवान के सामने बैठा और उनसे प्रार्थना की कि वे इस विवाद का कोई समाधान खोजें।" उन्होंने अपनी आस्था पर बल देते हुए कहा, "यदि आप में आस्था है, तो भगवान हमेशा कोई रास्ता निकालेंगे।



**न्यायिक जिम्मेदारी और आस्था:** अपने संबोधन में, सीजेआई चंद्रचूड़ ने न्यायिक जिम्मेदारियों के साथ व्यक्तिगत आस्था का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का काम समाधान ढूंढना है, लेकिन कई बार आस्था भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद इसका जीवंत उदाहरण है, जहां संवेदनशीलता के बावजूद एक निष्पक्ष और न्यायसंगत फैसला सुनाया गया।

### रंजन गोगोई की पीठ में चंद्रचूड़ भी थे शामिल

बता दें कि देश के तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने 9 नवंबर, 2019 को अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करके उस विवादास्पद मुद्दे का निपटारा किया था। जो एक सदी से भी अधिक पुराना था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ का हिस्सा डीवाई चंद्रचूड़ भी थे।




## भारत-चीन के बीच पेट्रोलिंग के नए सिस्टम पर बनी सहमति

### 22-23 अक्टूबर को होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन से पहले महत्वपूर्ण घटनाक्रम

# लद्दाख में पीछे हटेंगी सेनाएं दोबारा शुरू होगी पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों को पीछे हटाने और फिर से पेट्रोलिंग शुरू करने के लिए एक नए समझौते पर पहुंचे हैं। कथित तौर पर यह समझौता देपसांग और डेमचोक इलाकों में पेट्रोलिंग से संबंधित है। जानकारी के मुताबिक संघर्ष के इन दोनों बिंदुओं (देपसांग और डेमचोक) पर पेट्रोलिंग शुरू हो चुकी है और जल्द ही दोनों देश अपने सैनिकों को पीछे हटाना शुरू कर देंगे, जिसे मिलिट्री टर्म में डिसइंगेटमेंट कहते हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। मिस्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच पेट्रोलिंग की व्यवस्था को लेकर बनी सहमति से 2020 में पूर्वी लद्दाख में उत्पन्न हुए तनाव का धीरे-धीरे समाधान हो रहा है। यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम 22-23 अक्टूबर को होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा से ठीक पहले सामने आया है।

*जल्द ही दोनों देश सैनिकों को पीछे हटाना शुरू करेंगे, जिसे मिलिट्री टर्म में कहते हैं डिसइंगेटमेंट*




### लगातार चल रही राजनयिक और सैन्य वार्ता

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, 'पिछले कई हफ्तों से भारत और चीन के बीच राजनयिक और सैन्य वार्ता हो रही है। चीन के साथ एलएसी के मुद्दों पर हमारा समझौता हुआ है। सैनिकों की वापसी और स्थिति के समाधान के लिए पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। द्विपक्षीय वार्ता के मुद्दे पर हम अब भी समय और व्यस्तताओं के अनुरूप काम कर रहे हैं।'

### एलएसी पर तनाव कम होने की उम्मीद

दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हालिया बातचीत के बाद भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पेट्रोलिंग के लिए एक समझौते पर पहुंचे हैं। मिस्री ने कहा कि पेट्रोलिंग को लेकर बनी सहमति के बाद दोनों देशों के बीच एलएसी पर तनाव कम होने की उम्मीद है। विदेश सचिव ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए भारतीय और चीनी वार्ताकार पिछले कुछ हफ्तों से संपर्क में हैं।

### 2020 में हुई थी झड़प

पूर्वी लद्दाख स्थित गलवान घाटी में वर्ष 2020 में 15–16 जून को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें 20 भारतीय सैनिकों की मौत हुई थी और करीब दोगुनी संख्या में चीनी सैनिक भी मारे गए थे। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने सैनिकों के बारे में कभी आधिकारिक आंकड़े नहीं जारी किए। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

### रूस के कजान शहर में होगा ब्रिक्स सम्मेलन

बता दें कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन रूस के कजान शहर में 22 अक्टूबर से शुरू होगा। पहले दिन ब्रिक्स नेताओं के लिए रात्रिभोज का आयोजन होगा। 23 अक्टूबर को दो मुख्य सत्र होंगे। सुबह के सत्र के बाद दोपहर में शिखर सम्मेलन के मुख्य विषय पर ओपन सेशन होगा। इस सेशन में ब्रिक्स नेताओं से कजान डिक्लेरेशन को अपनाने की भी उम्मीद है। यह डिक्लेरेशन ब्रिक्स के लिए आगे की राह तैयार करेगा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन 24 अक्टूबर को होगा। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी घरेलू प्रतिबद्धताओं के कारण 23 अक्टूबर को नई दिल्ली लौट आएंगे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर, प्रधानमंत्री की कुछ द्विपक्षीय बैठकें होने की उम्मीद है।

## कनाडा के साथ संबंधों में आई कड़वाहट के बीच बोले

# भारत 'हल्के-फुल्के' रिश्तों में यकीन नहीं करता : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 'हल्के-फुल्के' रिश्तों में यकीन नहीं करता और दुनिया भी इस बात को समझ रही है कि देश के संबंधों की बुनियाद विश्वास तथा विश्वसनीयता के आधार पर होती है। उन्होंने एनडीटीवी विश्व सम्मेलन में यह टिप्पणी कनाडा के साथ भारत के संबंधों में आई कड़वाहट के बीच की है। भारत ने हाल ही में उच्चायुक्त समेत अपने छह राजनयिकों को वापस बुला लिया है और कनाडा के कई राजदूतों को निष्कासित कर दिया है। मोदी ने अपने संबोधन में कनाडा से जुड़ी घटनाओं का कोई सीधा जिक्र नहीं किया। कट्टरपंथी खालिस्तानी कार्यकर्ता और कनाडाई नागरिक की हत्या में भारत का हाथ होने के कनाडा के आरोपों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में हाल के दिनों में कड़वाहट आई है। भारत ने आरोपों से इनकार किया है और जोर देकर कहा है कि कनाडा अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत देने में असमर्थ रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत टेकन फॉर ग्रांटेड रिश्ते नहीं बनाता...हमारे रिश्तों की बुनियाद-विश्वास और विश्वसनीयता के आधार पर है। और ये बात दुनिया भी समझ रही है। भारत एक ऐसा देश है जिसकी प्रगति दुनिया में खुशहाली लाती है।'

### हमारी प्रगति से खुश होती है दुनिया

मोदी ने कहा, 'भारत आगे बढ़ता है तो जलन का, ईर्ष्या का भाव नहीं पैदा होता। हमारी प्रगति से दुनिया खुश होती है। क्योंकि भारत की प्रगति से पूरी दुनिया को फायदा होगा।' बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल जानकारी और अनुसंधान की गुणवत्ता तक विभिन्न क्षेत्रों में देश में हुई प्रगति का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे ये चौतरफा परिवर्तन दुनिया के लिए भी विश्वास का आधार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत कई क्षेत्रों में 'वैश्विक भविष्य' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मानवीय चिंताओं के कारण कोविड काल के दौरान देश द्वारा दवाओं और टीकों की आपूर्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया महसूस करती है कि संकट में भारत एक मित्र है।

## हिजबुल्लाह के लड़ाकों को यहीं से मिलता था वेतन

# इजराइल ने की लेबनानी बैंकों पर एयर स्ट्राइक

एजेंसी ▶▶| बेरूत

इजराइली सेना ने लेबनान में रविवार रातभर हिजबुल्लाह से जुड़े बैंकों को निशाना बनाया। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के हवाले से टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया, अल-कर्द अल-हसन एसोसिएशन हिजबुल्लाह के मेंबर्स को इंट्रेस्ट फ्री लोन मुहैया कराता है। पूरे लेबनान में इसकी 31 ब्रांच हैं। इनमें से कितनी ब्रांच पर हमला हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। इधर, आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह को जंग के लिए पैसे मुहैया कराने से रोकने के लिए हम बैंक की शाखाओं



को निशाना बना रहे हैं। आईडीएफ ने दावा किया कि अल-कर्द अल-हसन के पास काफी पैसा था जिसका इस्तेमाल हिजबुल्लाह, इजराइल के खिलाफ करता है। इजराइल से जुड़े एक खुफिया अधिकारी ने कहा कि अल-कर्द अल-हसन के पैसे का इस्तेमाल हिजबुल्लाह अपने लड़ाकों को वेतन देने के लिए करता है।

### हिजबुल्लाह का डिप्टी सेक्रेटरी लेबनान से भागा

हिजबुल्लाह के डिप्टी चीफ ने लेबनान छोड़ा हिजबुल्लाह का डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नईम कासिम इजराइल के हमलों के बीच लेबनान से ईरान भाग गया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कासिम 5 अक्टूबर को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघची के प्लेन से ईरान चला गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान को डर था कि हसन नसरल्लाह की तरह नईम कासिम को भी इजराइल मार देगा। नसरल्लाह की पिछले महीने इजराइली एयरस्ट्राइक में मौत के बाद से कासिम ने तीन भाषण दिए हैं।

## बहराइच हिंसा पर एक्शन जारी

# सीओ के बाद हटाए गए अब एडिशनल एसपी

एजेंसी ▶▶| बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुई हिंसा के बाद प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। महसी सीओ रूपेंद्र गौड़ के बाद लापरवाही बरतने के आरोप में एडिशनल एसपी पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटा दिया गया है। पवित्र मोहन त्रिपाठी की जगह दुर्गा प्रसाद तिवारी को बहराइच का नया एडिशनल एसपी बनाया गया है। वहीं, पवित्र मोहन त्रिपाठी को डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया है। अटैचमेंट के बाद आगे भी कार्रवाई होने की संभावना है।

### यह है मामला

बहराइच के थाना हरदी क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा 13 अक्टूबर की शाम शाम करीब 6 बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले जुलूस में शामिल था। ये जुलूस जब महराजगंज बाजार में समुदाय विशेष के मोहल्ले से गुजर रहा था तो दो पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान छतों से पत्थर फेंके जाने लगे, जिससे विसर्जन में भगदड़ मच गई। इस बीच रामगोपाल को एक घर की छत पर गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

## ग्रैप-II लागू, बढ़ेगी पार्किंग फीस

# दिल्ली की हवा हुई 'बहुत खराब' डीजल जनरेटर पर रहेगा बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सर्दियां शुरू होते ही देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। सोमवार को दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 के पार चला गया और हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। इसे देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) का दूसरा लेवल लागू कर दिया गया है। दिल्ली और एनसीआर में हवा की गुणवत्ता की निगरानी करने वाले निकाय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट



(सीएक्यूएम) ने सोमवार को एक बयान जारी करके कहा कि दिल्ली में ग्रैप लेवल-I पहले से ही लागू है। इसके अतिरिक्त 22 अक्टूबर की सुबह 8:00 बजे से दिल्ली समेत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप का दूसरा चरण भी लागू हो जाएगा।

### ये है ग्रैप

दरअसल, ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान जिसे शॉर्ट में ग्रैप कहते हैं, सरकार की एक योजना है जिसे दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बनाया गया है। ग्रैप के चार लेवल होते हैं। जैसे-जैसे हवा की गुणवत्ता खराब होती है, यानी एक्यूआई का लेवल बढ़ता है, वैसे-वैसे ग्रैप के चरण भी बढ़ते जाते हैं, और हर चरण के साथ पाबंदियां भी बढ़ती हैं। ग्रैप-II के लागू होने से दिल्ली और एनसीआर में उन कार्यों पर रोक लग जाएगी, जिनसे वायु प्रदूषण बढ़ने की आशंका रहती है। दिल्ली और एनसीआर में जब एक्यूआई लेवल 201 से 300 के बीच चला जाता है, तो ग्रैप का पहला चरण लागू किया जाता है। एक्यूआई 301 से 400 के बीच होने पर ग्रैप का दूसरा चरण लागू हो जाता है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# आंखों में बेबसी, आंसू और फरियाद...

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

20 दिनों से हक की लड़ाई लड़ रहे डीएड-डीएल अभ्यार्थियों का ठिकाना भी छीन लिया गया। धरनास्थल से खदेड़े जाने के बाद सोमवार को उन्होंने सीएम हाउस कूच किया, लेकिन पुलिस ने रोका, फटकारा और बस में भरकर सभी को शहर से बाहर कर दिया। अभ्यर्थी सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने कोर्ट के आदेश का हवाला देते रहे, लेकिन उनको न्याय नहीं मिला। पुलिस की फटकार से फफक रहे अभ्यर्थियों की आंखें नम थी, गला भरा हुआ था और चेहरे पर बेबसी झलक रही थी। कंपकंपाती आवाज में पुलिस वालों से उन्होंने इतना ही कहा-हम अधिकार मांगने आए हैं, हमारी भी सुन लीजिए..।





# कला को सम्मान, अब ए डबल प्लस कलाकारों को कार्यक्रमों के लिए 10 नहीं, 20 मौके

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तीन साल पहले बनाए गए छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021 में अब बड़ा बदलाव किया किया गया है। खास बात ये है कि अब ग्रेड आर्टिस्ट को काम करने के लिए पहले से अधिक अवसर दिए जाएंगे। यही नहीं चयन समिति में भी संशोधन किया गया है और राज्य अलंकरण से सम्मानित कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। राज्य सरकार के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021 में संशोधन किया है। पिछली कांग्रेस सरकार ने यह नियम कलाकारों को काम का अवसर देने और तयशुदा मानदेय देने के लिए बनाया था। अब सरकार बदलने के बाद इस नियम में भी बदलाव कर दिया गया है।

### ग्रेड कलाकारों को अब अधिक मौके

इस संशोधन में एक बड़ा बदलाव कलाकारों को कार्यक्रम प्रस्तुति के अवसरों को लेकर किया गया है। अब ए ट्रिप्ल प्लस कलाकारों को साल में 10 अवसर मिलेंगे। पहले यह संख्या 8 थी। इसी प्रकार ए डबलप्लस कलाकार के लिए पहले साल में 10 कार्यक्रमों के अवसर दिए जा रहे थे, इसे बढ़ाकर अब दोगुना यानी 20 कर दिया गया है। इसी तरह बी प्लस तथा बी श्रेणी के कलाकारों को 24 अवसर दिए जा सकेंगे। 2021 के नियम में 12 अवसर दिए जाने के प्रावधान था।

## कांग्रेस सरकार के बनाए नियम में संशोधन



फाइल फोटो

### अब हुआ ये बदलाव

2021 में बनाए गए नियम में विभागीय चयन समिति में जिन लोगों को शामिल किया गया था, उसमें अब कुछ नए लोगों को जोड़ा गया है। इनमें सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष या सदस्य, कला अकादमी, आदिवासी एवं लोककला अकादमी के 2 अध्यक्ष या सदस्य भी शामिल होंगे। इसी क्रम में प्राचार्य श्रीराम संगीत महाविद्यालय या उनके द्वारा मनोनीत व्यक्ति को अशासकीय सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिष्ठित कल विशेषज्ञ या कला पथक दल के 3 अशासकीय सदस्यों को विधा के अनुसार शामिल किया जाएगा।

### अब इस स्तर के कलाकारों को भी मिलेगा काम

संशोधन में यह जोड़ा गया है कि राज्य अलंकरण से सम्मानित कलाकार कला, संगीत, नृत्य, नाट्य, गायन क्षेत्र में, काम करने वालों दल के दल प्रमुख को मानदेय के रूप में 35 हजार रुपए तथा सहायक कलाकार का मानदेय 2 हजार रुपए होगा। लेकिन शर्त ये है कि छत्तीसगढ़ फर्म एवं सोसायटी पंजीयन या चिन्हारी पंजीयन होना अनिवार्य है। पूर्व में यह प्रावधान नहीं था। इसी तरह जिला स्तर के कलाकार जो कला, संगीत, नृत्य, नाट्य, व गायन के भेत्र में है तथा फर्म एवं सोसायटी तथा चिन्हारी पोर्टल पंजीकृत है, कार्यक्रम प्रस्तुति का 6 साल का अनुभव रखते हैं, पिछले तीन साल तक राज्य शासन, अर्धशासकीय या शासन स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थाओं के द्वारा जिला स्तर के कार्यक्रम में प्रति वर्ष कम से कम 2 दो कार्यक्रम करते हो उन्हें भी शामिल किया जाएगा। इनके दल प्रमुख का मानदेय 21 हजार रुपए और सहायक कलाकार का मानदेय 1 हजार रुपए होगा।

## गांदरबल आतंकी हमला : लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है द रेजिस्टेंस फ्रंट

# आतंकी हमले की टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी मास्टरमाइंड शेख गुल पाक से कर रहा हैंडल

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ ने ली है। टीआरएफ का चीफ शेख सज्जाद गुल ने पाकिस्तान में बैठकर इस तरह के घिनौने कृत्य को अंजाम दिया है। आतंकी हमले पर गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। शाह ने कहा है कि इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस हमले के बाद जम्मू के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने भी पाक को खरी-खोटी सुनाई है।

- सेना ने इलाका घेरकर शुरू किया सर्च ऑपरेशन


बता दें कि रविवार रात आतंकियों ने गैर.स्थानीय लोगों को टारगेट करके हमला कर दिया। हमले में डॉक्टर समेत 7 लोगों की जान चली गई। डॉक्टर की पहचान बडगाम के शाहनवाज अहमद के तौर पर हुई है। आतंकी हमले में मरने वालों में ज्यादातर दूसरे राज्यों से हैं। इस हमले में कुछ मजदूरों के भी घायल होने की खबर है। घायलों को श्रीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



### एक आतंकी हलाक, हथियार बरामद, सर्च ऑपरेशन शुरू

आतंकी वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गए। सेना ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। घटनास्थल से 1 एके राइफल, 2 एक मैगजीन, 57 एके राउंड पिस्टल, 3 पिस्टल मैगजीन और अन्य युद्ध संबंधी सामान बरामद किया गया है। एक आतंकी के मारे जाने के बाद भी भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### कश्मीर कभी पाकिस्तान नहीं बनेगा : फारुख



नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए आतंकी हमले पर रोक लगानी चाहिए, अगर वे भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं तो उन्हें इस पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा, "आतंकी पाकिस्तान से आ रहे हैं, हम चाहते हैं कि मामला खत्म हो।

### नीतीश ने की निंदा मुआवजे का ऐलान



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपये देने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं।

### लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा है टीआरएफ

*गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन दि रेसिस्टेंस फ्रंट ने ली है। टीआरएफ आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ही एक शाखा है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इसमें अपेक्षाकृत कम उम्र के आतंकियों को ट्रेंड किया जाता है। लश्कर की ही तरह टीआरएफ का संगठन और नेटवर्क पाकिस्तान की सरजमीं से ही चलता है।*

### पन्नू की धमकी 19 नवंबर तक हवाई यात्रा न करें

*खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सोमवार को एक बार फिर धमकी दी है। उसने कहा कि 1 से 19 नवंबर तक एयर इंडिया से यात्रा न करें। सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक ने दावा किया कि सिख नरसंहार की 40वीं वर्षगांठ के कारण एयर इंडिया की उड़ान पर हमला हो सकता है, इसलिए 1 से 19 नवंबर तक उसमें यात्रा न करें। बता दें कि पन्नू ने पिछले साल भी ऐसी धमकी दी थी।*

### आतंकियों को चुकानी होगी भारी कीमत- एलजी सिन्हा

वहीं जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा, "हमारे बहादुर जवान मैदान पर हैं और वे सुनिश्चित करेंगे कि आतंकवादियों को उनकी हरकतों की भारी कीमत चुकानी पड़े। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना।

## शहीद वीर जवानों को नमन...



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ सदैव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किए।

*सुप्रीम कोर्ट ने बाल आयोग के आदेश पर रोक लगाई*

# बंद नहीं होंगे सरकारी फंड से चलने वाले मदरसे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सरकारी वित्त पोषित मदरसों को बंद करने की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह अंतरिम आदेश मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने मौलवियों के संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि इस वर्ष 7 जून और 25 जून को जारी आयोग के आदेश पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है और चार हफ्तों में जवाब देने को कहा है।

### सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर नहीं होंगे बच्चे

*सुप्रीम कोर्ट ने गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर भी रोक लगाई है। याचिकाकर्ता ने कहा एनसीपीसीआर के पत्र और उत्तर प्रदेश व त्रिपुरा समेत कुछ राज्यों की कार्रवाइयों पर रोक लगाई जानी चाहिए।*

**मां बोली-आरोपियों को होनी चाहिए फांसी भाई ने कहा- फास्टट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई**

# सूरजपुर में पुलिस परिवार पर ऐसा कहर..न देखा, न सुना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मनेन्द्रगढ़ घटना के चार दिन पहले मेरी बहू मेहू घर आई थी, उसे डाक्टर को दिखाना था। मनेन्द्रगढ़ के खान डाक्टर के यहां दिखाकर आई फिर नाश्ता की और दवाई खाई। फिर बेटे तालिब को थाने से ड्यूटी के लिए फोन आने लगा तो बोली- माँ फिर जल्दी आऊंगी फिर ऐसी आई कि देखी नहीं जा रही थी। मैं तो अपनी बहू को देखकर बेसुध थी और बेटा भी सामने बेसुध बैठा था। हमारे परिवार पर गम का ऐसा पहाड़ टूटा कि हम अब भी गहरे सदमे में हैं। यह कहना है सूरजपुर डबल मर्डर केस में अपनी बहू और पोती खोने वाली प्रधान आरक्षक तालिब ⏭ शेष पेज 4 पर

### परिवार के लोग पुलिस विभाग में

घटना से बेहाल तालिब शेख ही नहीं, परिवार के और सदस्य भी पुलिस विभाग में हैं। उनके पिता पुलिसकर्मी थे और भाई दानिश शेख भी पुलिस में प्रधान आरक्षक है। भाई का कहना है कि बहुत ही वीभत्स तरीके से हत्या की गई है। आज तक मैंने किसी पुलिस के परिवार वालों के साथ ऐसी घटना नहीं देखी है। फ्रास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के साथ आरोपियों को फांसी दी जानी चाहिए।

### घर पर मातम

जब हरिभूमि की टीम सूरजपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख के मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 16 के टी वी टावर रोड स्थित घर पर पहुंची तो तालिब शेख बेसुध हालत में घर मे सोफे पर बैठे थे और सर पर हाथ रखे हुए थे। बार बार उनके परिजन तालिब का हौसला बढ़ा रहे थे।



चिंतन

# कश्मीर को आतंकमुक्त करने के तेज प्रयास हों

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत को और कड़ा कदम उठाना होगा। करीब 9 वर्ष से जारी ऑपरेशन क्लीन के बावजूद घाटी आतंकमुक्त नहीं हो सका है। इसके और तेज प्रयास किया जाना चाहिए। यह तय है कि आतंकवाद के पीछे सीमा पार की ताकत है और वह वर्षों से इसी पैटर्न पर है, इसलिए भारत को अपनी रणनीति में सभी पहलुओं को शामिल करना होगा। सीमा पर के आतंकी ठिकानों पर भी कड़ा प्रहार करना होगा। बेशक यह कठिन और लंबा रास्ता है, पर भारतीय सुरक्षा बलों को कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी ही होगी। अभी वहां विधानसभा चुनाव हुए हैं, चुनी हुई नई सरकार अस्तित्व में आई है और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यभार संभालते ही गांदरबल में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। उमर गांदरबल से विधायक भी हैं। यह आतंकवादी हमले उमर सरकार के बनने और पाकिस्तान की ओर से भारत से वार्ता की पहल के संकेत आने के बाद हुए हैं। दस साल बाद हुए चुनाव के बाद आई नई सरकार के लिए प्रदेश को सुरक्षित बनाना चुनौती रहेगी। सीएम उमर ने आतंकवादी हमले को उग्रवादी हमले बता कर बड़ी घटना पर हल्की प्रतिक्रिया दी है, उमर को प्रतिक्रिया देने में शब्दों के चयन पर ध्यान देना चाहिए। इससे गलत संदेश जाएगा। जम्मू कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हुई है। धारा 370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद से कश्मीर में आतंकी हमले में बाहरी मजदूर व पर्यटक निशाने पर रहे हैं। कश्मीर में आतंकी हमला का एक पैटर्न भी है, जब भी स्थिति बेहतर होने लगती है, आतंकी गुट हमला करते हैं। या फिर जब पाकिस्तान सरकार भारत के साथ मैत्री के रास्ते तलाशने लगती है, तब पाक में सक्रिय आतंकी गुट कश्मीर में आतंकी हमला करवाते हैं। अभी एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) की बैठक में हिस्सा लेने विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान गए थे, इस दौरान द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई, पर पाक व भारत की ओर से भाषणों में तल्खी से बचा गया और पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने अपने भाषण में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इसके बाद पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की ओर से भारत से वार्ता की आकांक्षा संबंधी बातें कही गईं। पाक एस्टब्लिशमेंट यानी आईएसआई और फौज को कभी यह गंवारा नहीं होता कि पाकिस्तान की चुनी हुई सरकार भारत के साथ रिश्ते सुधारने की पहल करे। यह स्थिति पाक के पूर्व पीएम लियाकत अली के समय से है। जब-जब पाकिस्तान की सरकार ने भारत से संबंध सुधारने की बात की, पाकिस्तान एस्टब्लिशमेंट ने आतंकी हमले के जरिये इसे डिरेल की। यह पाक एस्टब्लिशमेंट ही है, जिसके दबाव के चलते पाक के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ आगरा से बीच में वार्ता छोड़कर चले गए थे। पाक एस्आब्लिशमेंट किन विदेशी ताकतों के इशारे पर चलते हैं यह अब छिपी हुई नहीं है। पाक फौज भारत से अलग होकर पाकिस्तान बनने के समय से भारत के खिलाफ दुश्मनी पाली हुई है और इस दुश्मनी के चलते अपने ही मुल्क पाक को आतंकवादी गुटों का पनाहगाह बना दिया, जिसका दंश अब पाक खुद झेल रहा है। भारत का स्टैंड साफ है, पाक पहले भारत के खिलाफ आतंकवाद बंद करे, फिर शांति वार्ता के लिए आएं। भारत सीमा पार आतंकी घुसपैठ व आतंकी हमले से पीड़ित है। भारत कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, लेकिन अब हल्लाबोल की जरूरत है। भारत को सीमा के अंदर व बाहर दोनों तरफ के आतंकी ठिकानों के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ेगा। गादंरबल में कायराना आतंकी हमला निंदनीय है, शर्मनाक है, अस्वीकार्य है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ इतना कड़ा संदेश देना होगा कि किसी को भी भारत के खिलाफ सोचने में भी डर लगे।



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

# क्या प्रशांत को जनसमर्थन मिलेगा

> लोहिया और जयप्रकाश मानते थे कि सत्ता में दलों का बदलने की बजाय जरूरी है कि तंत्र में बदलाव लाना। फिलहाल प्रशांत तंत्र में ही बदलाव का दावा कर रहे हैं। इसी वजह से उनके प्रशंसकों की संख्या बढ़ी है, लेकिन वे ऐसा तभी कर पाएंगे, जब उन्हें बिहार की जनता 2025 के विधानसभा चुनावों में उन्हें मजबूत समर्थन देगी। वे तंत्र तभी बदल पाएंगे, जब उनके पास पारंपरिक राजनेता नहीं होंगे, बल्कि राजनीति का सुचिंतन वाला नया खून उनके पास होगा। फिलहाल निर्णायक भूमिकाओं में जो दिख रहे हैं, वे पूर्व नौकरशाह हैं। नौकरशाह आम नेताओं की तरह जनता की परवाह ज्यादा करेंगे। सवाल यह है कि प्रशांत इस नजरिए से सोच भी रहे हैं या नहीं?

पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान तमाम रैलियों का गवाह रहा है, लेकिन इस मैदान में आधी सदी के अंतर पर हुई दो रैलियों में कम से कम बिहार की अवाम एक समानता देख रही है। पांच जून 1974 को 72 साल के बुजुर्ग जेपी ने संपूर्ण क्रांति का नारा देकर इंदिरा की सर्वशक्तिमान सत्ता को उखाड़ने की पूर्व पीठिका रच दी थी। इस बार इंदिरा की सत्ता उखाड़ने जैसा कोई लक्ष्य तो नहीं है, लेकिन गांधी जयंती के अगले दिन तीन अक्टूबर को 47 साल के प्रशांत किशोर से बड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशांत किशोर अपनी पार्टी के जरिए जनसुराज की बयार बिहार की धरती पर बहा पाएंगे या फिर बदलाव की राजनीति का दावा करने वाले दूसरे लोगों की तरह वे भी पारंपरिक राजनीति का ही हिस्सा बन जाएंगे? वैसे बिहार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्हें ठीक उसी तरह प्रशांत किशोर से उम्मीद नहीं है, जैसी नाउम्मीदी पारंपरिक दलों से है।

बिहार की राजनीति के संदर्भ में प्रशांत किशोर की राजनीतिक पारी की पड़ताल करने से पहले एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वे बिहार की राजनीति में तीसरा स्तंभ भी बन पाएंगे? बिहार में यूं तो छोटे-बड़े कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन मोटे तौर पर राज्य की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाले गठबंधन में तमाम तरह की वैचारिकी वाले कई दल शामिल हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी तो है ही, वामपंथी दल भी हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा की अगुआई में नीतीश कुमार का जनता दल (यू), जीतनराम मांझी की हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी शामिल हैं। इस दो खेमे की राजनीति के बीच में यह सवाल उठना वाजिब है कि क्या प्रशांत किशोर इन दोनों गठबंधनों के बीच अपनी तीसरी राह बना पाएंगे? बिहार की राजनीति का जब भी संदर्भ आता है, गर्व भाव से उसे याद किया जाता है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में बिहार के बेटे ने कुंवर सिंह ने जहां देश को नई दिशा दिखाई, स्वाधीनता संग्राम में जयप्रकाश नारायण ने भी नौजवानों को उसी अंदाज में जगा दिया था। इन्हीं जयप्रकाश को दूसरी आजादी के नायक का भी सम्मान हासिल है। बिहार की राजनीति का जब भी बखान होता है, तब इन ऐतिहासिक चरित्रों के हवाले से यह दावा जरूर किया जाता है कि बिहार की राजनीति भविष्य की राजनीति को प्रभावित करती है। इसे उलटबांसी ही कहा जा सकता है कि जिस बिहार की धरती का गौरवबोध वैशाली के गणतंत्र से भर उठता है, जिसे बुद्ध और महावीर की धरती का गौरव हासिल है, उसी बिहार की धरती आज के दौर में जातिवादी राजनीति में ही अपना आज का गौरव ढूंढने में गर्व महसूस करती है। बिहार की राजनीति को लेकर गर्वबोध से भरा रहने वाला समाज भी धरातली सोच में जातिवादी बोध को अलग नहीं कर पाता। फिर भी बिहार में एक वर्ग ऐसा भी है, जो बिहार के मौजूदा पिछड़ेपन से चिंतित रहता है। जिसे इस यह बात सालती है कि उसके राज्य के हर गांव की जवान आबादी का बड़ा हिस्सा दुनियाभर में दिहाड़ी मजदूर बनने को मजबूर है। इसी वर्ग



की उम्मीद बनकर प्रशांत किशोर उभरे हैं। प्रशांत किशोर से आस लगाए वर्ग को बिहार की दरिद्रता, बिहारी लोगों का राज्य के बाहर मिलने वाला अपमान सालता है। इसलिए वे चाहते हैं कि प्रशांत किशोर उभरें और राज्य की जाति-धर्म वाली राजनीति को बदलें। किसी भी नया काम करने वाले की समाज पहले हंसी उड़ाता है, इसके बावजूद अगर वह रुका नहीं तो उसे कुछ उपलब्धियां हासिल होने लगती हैं। इससे समाज के स्थापित प्रभु वर्ग को परेशानी होने लगती है। तो वह उन उपलब्धियों की अनदेखी करने लगता है। फिर भी व्यक्ति रुकता नहीं तो उसकी उपलब्धियों को वही समाज नोटिस लेने लगता है और आखिर में उसे सर आंखों पर बैठा लेता है। प्रशांत किशोर इस प्रक्रिया के दो चरणों को पार कर चुके हैं। अब उनकी उपलब्धियों का बिहारी राजनीतिक दल नोटिस लेने लगे हैं। हालांकि उन्हें बार-बार पांडेय बताकर जातिवादी त्रिशूल से उन्हें बेधने की राजनीतिक कोशिश भी हो रही है। उनके ब्राह्मण होने का प्रचार बार-बार आरजेडी की तरफ से हो रहा है। जिसका पूरा राजनीतिक वजूद ही मुस्लिम और यादव समीकरण पर टिका है।

प्रशांत किशोर ने दो साल तक लगातार बिहार की पदयात्रा की है। जनसुराज यात्रा के नाम से हुई इस यात्रा के जरिए उन्हें ज्यादातर उत्तरी बिहार को अपने कदमों तले नापा है। इसके जरिए उन्होंने अपना बड़ा समर्थक वर्ग तैयार किया है, जिसमें जाति और धर्म से इतर सोचने वाले युवाओं की अच्छी-खासी फौज है। तीन अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में इस वर्ग की उपस्थिति जहां प्रशांत किशोर से आस लगाने का आधार उपलब्ध कराती है तो बिहार के दूसरे पारंपरिक दलों के लिए चिंता का सबब भी बनती है। राजनीतिक दल उससे ज्यादा चिंतित होते हैं, जिनसे उनके पारंपरिक आधार वोट बैंक के छीजने का खतरा ज्यादा होता है। लेकिन प्रशांत किशोर हर वर्ग के उन युवाओं के प्रेरणा केंद्र बनते दिख रहे हैं, जिनके लिए बिहार का बदलाव प्राथमिक लक्ष्य है। जिन्हें यह बदलाव मेरिट पर होने की उम्मीद है, लेकिन क्या प्रशांत किशोर इस जाति-धर्म की राजनीति से सचमुच दूर हैं? बिहार की राजनीति पिछली सदी के नब्बे के दशक से कमंडल और मंडल खेमे के बीच झूलती रही है। जाति और धर्म की अनदेखी करने का दावा करने वाले प्रशांत किशोर इससे आगे दलितवाद की ओर आगे बढ़ते दिख रहे हैं। दिलचस्प यह है कि उनकी टीम में केजरीवाल की टीम जैसे पूर्व नौकरशाह और समाजसेवी की भीड़ दिखती है। जनता दल, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद रहे देवेंद्र यादव, जदयू के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व राजनयिक पवन वर्मा, पूर्व राजनयिक मनोज भारती प्रशांत किशोर के सहयोगी हैं। देवेंद्र यादव के सितारे इन दिनों गर्दिश में हैं तो पवन वर्मा को बाद के दिनों में नीतीश ने भाव नहीं दिया। जिस तरह केजरीवाल की राजनीति से उन लोगों ने ज्यादा उम्मीद लगाई और साथ दिया, जिन्हें पारंपरिक दल तवज्जो नहीं देते थे, कुछ वैसा ही हाल प्रशांत की नवेली पार्टी का भी दिख रहा है। ऐसे में शक की गुंजाइश बढ़ जाती है कि प्रशांत भी ताकत पाकर कहीं अवसरवादी राजनीति की कॉपी ना बन जाएं।

लोहिया और जयप्रकाश मानते थे कि सत्ता में दलों का बदलने की बजाय जरूरी है कि तंत्र में बदलाव लाना। फिलहाल प्रशांत तंत्र में ही बदलाव का दावा कर रहे हैं। इसी वजह से उनके प्रशंसकों की संख्या बढ़ी है, लेकिन वे ऐसा तभी कर पाएंगे, जब उन्हें बिहार की जनता 2025 के विधानसभा चुनावों में उन्हें मजबूत समर्थन देगी। वे तंत्र तभी बदल पाएंगे, जब उनके पास पारंपरिक राजनेता नहीं होंगे, बल्कि राजनीति का सुचिंतन वाला नया खून उनके पास होगा। फिलहाल निर्णायक भूमिकाओं में जो दिख रहे हैं, वे पूर्व नौकरशाह हैं। नौकरशाहों को लेकर यह मानने में हर्ज नहीं है कि वे आम नेताओं की तरह जनता की परवाह ज्यादा करेंगे। सवाल यह है कि प्रशांत किशोर इस नजरिए से सोच भी रहे हैं या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती
कृष्ण प्रताप सिंह



# अदम गोंडवी: 'अपनों' पर भी चलाए तंजों के तीर


जनकवि अदम गोंडवी को (22 अक्टूबर, 1947-18 दिसम्बर, 2011) आमतौर पर इस बात के लिए याद किया जाता है कि वे जीवनभर दलित व वंचित तबकों की आवाज बने रहकर और बेबाक होकर सत्ताओं से उनके सवाल पूछते रहे। इसके लिए जरूरी हुआ तो अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने, मठ व गढ़ सब तोड़ने, यहां तक कि 'अपनों' को नाराज करने से भी परहेज नहीं किया। याद कीजिए, अपने वक्त में अ दम का सबसे बड़ा और सबसे तल्ख सवाल कौन-सा था? सौ में सत्तर आदमी जब देश में नाशाद है, दिल पे रखकर हाथ कहिये देश ये आजाद है? उनकी विशेषता यह कि वे इसे दूसरों से ही पूछकर नहीं रह गये थे, खुद से भी पूछा था और जल्दी ही इस निष्कर्ष पर पहुंच गये थे कि सौ में सत्तर आदमी इसलिए नाशाद हैं, क्योंकि जिस रामराज्य का वे सपना देख रहे थे, उसका वेश बदलकर किसी और आंगन में उतार लिया गया है। तब उन्होंने लिखा: काजू भुने पलेट में ह्विस्की गिलास में, उतरा है रामराज विधायक निवास में। दरअसल, उनके कवि का बड़प्पन ही इसी बात में है कि उसने दारुण से दारुण परिस्थितियों में भी न अपने सवाल बदले, न ही उन्हें पूछने के अपने



उसूल से समझौता किया। कोई अपना उसके सपनों का 'दुश्मन' बनकर सामने आ खड़ा हुआ तो भी न हकलाया, न ही उसकी लप्पो-चप्पो पर उतरा। यही कारण है कि अदम की प्रश्नाकुलता ने चिराग तले का कतई कोई अंधेरा सृजित नहीं किया। इतना ही नहीं, जो महानुभाव उनकी बहुत इज्जत करते, अपनी सोहबत में रखते, उनकी दुर्दशा पर रहम करते, दया दिखाते और साथ खाते-पीते या उन्हें खिलाते-पिलाते थे, उनके 'अंधेरों' के प्रति भी नरम नहीं, बल्कि निर्मम रुख ही अपनाया। मिसाल के तौर पर, उत्तर प्रदेश के जिस गोंडा जिले में उनका घर था, उसके एक जिलाधिकारी उनके मित्र थे और यह सोचकर अपने स्याह-सफेद की परदेदारी कि बिना उन्हें अपने ड्राइंग रूम में बैठाते थे कि भले आदमी हैं वे, कवि तो हैं ही अदम ने उनके ड्राइंगरूम में जो कुछ भी देखा उसे बेबाकी से लिखा। उनके गांव के एक सरपंच ने, जिसका उन पर कई 'उपकारों' का दावा था, अपनी पहुंच का बेजा इस्तेमाल करके रामसुधी नाम की गांव की लाचार वृद्धा की झोपड़ी अपनी चौपाल में मिला ली, तो उन्होंने लिखा: बूढ़ा बरगद साक्षी है किस तरह से खो गई, रमसुधी की झोपड़ी सरपंच की चौपाल में। दरअसल, अदम के लिए अपनी शायरी में ईमानदार व जनोन्मुख होना शब्दों के चमत्कार से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण था और वे अपने शुरुआती दौर में ही सामंतों व सवर्णों को दलितों के कठिन जीवन का ताप महसूस कराने के उद्देश्य से 'चमारों की गली' शीर्षक लम्बी मर्मभेदी रचना लिखकर अपने 'बंधु-बांधवों' को दुश्मन बना चुके थे। बात अधूरी रह जाएगी, अगर 1986 के अदम के उस आगाज का जिक्र न किया जाये, जिसने उन्हें रातो-रात राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कर दिया। दरअसल, उस साल प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना के पचास साल पूरे हुए थे और लखनऊ में हो रहे उसके सम्मेलन में रात को आयोजित कवि सम्मेलन में स्मृतिशेष मुल्कराज आनंद, तांबा, नागार्जुन, त्रिलोचन और कैफी आजमी वगैरह के साथ कई दूसरी भारतीय व विदेशी भाषाओं के कवि भी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन शुरू हुआ और संचालक ने परम्परा के अनुसार वरिष्ठों को पेश करने से पहले, स्थानीय कवियों को उपकृत करना शुरू किया तो अदम भी उन्हीं के बीच जा बैठे। वे स्थानीय नहीं थे, लेकिन उन्होंने संचालक से वादा करा लिया था कि वह उनका कविता पाठ करा देगा, लेकिन ऐन वक्त पर संचालक अपना वादा भूल गया और याद दिलाने पर झिड़ककर कह दिया कि अब वक्त कहां बचा? फिर उनको मौका दिया। अदम माइक पर पहुंचे तो किसी उद्दंड श्रोता को कहते सुना, 'लगता है कि अभी-अभी हल जोतकर आ रहा है!' दरअसल , नजाकत व नफासतपसन्द लखनऊ के लोग किसान अदम की कुर्ता-धोती व गमछे वाली देहाती वेशभूषा का मजाक उड़ाने पर उतर आए थे। अदम ने गजल सुनाई तो श्रोताओं की संवेदनाएं झंकृत हो उठीं। उसके बाद अदम साहित्य के आकाश में छाए तो आखिरी सांस तक छाए ही रहे।

((लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटने का अर्थ

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सही कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है। हाल ही में न्याय की देवी की नई मूर्ति सामने आई है। इसमें आंखों से पट्टी को और उनके एक हाथ से तलवार हटाकर संविधान की किताब थमा दी है। इसका मतलब शायद यह है कि कानून सबको एक बराबर देखता है और न्यायालय में फैसले संविधान के अनुसार होते हैं, लेकिन सवाल तो यह है कि न्यायालय की देवी की नई मूर्ति स्थापित करने से देश के कानून और न्याय व्यवस्था में सुधार होगा? क्या अब भी देश को उचित और समय पर न्याय मिलेगा? न्याय और कानून व्यवस्था सत्ताधारियों, राजनेताओं और पूंजीपतियों के हाथ से मुक्त होगी? इन विषयों पर गहन चिंतन की जरूरत है। *- महेश शर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### भारत ने साबित किया



भारत ने साबित किया है कि डिजिटल नवाचार और लोकतांत्रिक मूल्य सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। हमने दिखाया है कि प्रौद्योगिकी समावेशन, पारदर्शिता और सशक्तिकरण का एक उपकरण है। 21वीं सदी को स्थिरता, स्थिरता और समाधान की आवश्यकता है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मलेरिया मुक्त हुआ मिस्र



बड़ी खुशखबरी: मिस्र मलेरिया मुक्त हो गया है। यह प्रमाणीकरण वास्तव में ऐतिहासिक है, और इस प्राचीन संकट से छुटकारा पाने के लिए मिस्र के लोगों और सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। मैं इस उपलब्धि पर मिस्र को बधाई देता हूं।
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### परिवारों के प्रति संवेदनाएं



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में एक डॉक्टर और प्रवासी मजदूरों समेत कई लोगों की हत्या बहुत ही कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।
**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### वृद्धि की जरूरत



भारत को अपनी अनुसंधान एवं विकास तीव्रता, पीएचडी कर्मचारियों की संख्या, पेटेंट और प्रकाशन में उल्लेखनीय वृद्धि की जरूरत है। अच्छा लगता बायो लिमिटेड प्रति अरब अमेरिकी डॉलर राजस्व प्रकाशन के मामले में भारतीय कंपनियों में पहले स्थान पर है।
**-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान में 64 साल बाद हिंदू मंदिर का जीर्णोद्धार



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है जिससे इस मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू होगा। मीडिया में आई एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था 'इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) ने पंजाब में रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। अभी नारोवाल जिले में कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाक धर्मस्थान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्या ने कहा कि बावली साहिब मंदिर पर ईटीपीबी के नियंत्रण के कारण वह जर्जर हो गया और नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए। पाकिस्तान के गठन के बाद नारोवाल जिले में 45 मंदिर थे लेकिन उनमें से सभी मरम्मत न होने के कारण जर्जर होते चले गए।

## ऑफ बीट

# एआई को मानवीय बनाना हमें अमानवीय बना सकता है



मनुष्य लंबे समय से गैर-मानवीय चीजों को मानवीय गुण प्रदान करते आए हैं। इस प्रवृत्ति को 'मानवीकरण' के रूप में जाना जाता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हम चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरणों के साथ ऐसा कर रहे हैं, जो 'सोचने' और 'महसूस करने' वाले प्रतीत होते हैं। कानूनी मुद्दों से बचने के लिए, कंपनी बताती है कि 'रेप्लिका' संवेदनशील नहीं है और केवल लाखों उपयोगकर्ताओं की बातचीत के माध्यम से सीखता है। वहीं, कुछ एआई कंपनियां खुले तौर पर दावा करती हैं कि उनके एआई सहायकों में सहानुभूति है और वे मानवीय जरूरतों का पूर्वानुमान भी लगा सकते हैं। हालांकि, ऐसे दावे भ्रामक हैं। यदि उपयोगकर्ता मानते हैं कि उनका एआई साथी वास्तव में उन्हें समझता है, तो वे भावनात्मक रूप से गहराई से जुड़ सकते हैं। यह गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देता है। एक उपयोगकर्ता यदि अपने एआई साथी को चेतना प्रदान करता है तो वह उसे हटाने या छोड़ने में संकोच करेगा। दरअसल तब क्या होता है कि जब उक्त एआई साथी अप्रत्याशित रूप से गायब हो जाता है, मसलन यदि उपयोगकर्ता इसका खर्च नहीं उठा सकता, या इसे चलाने वाली कंपनी बंद हो जाती है? एआई साथी भले ही वास्तविक नहीं हो, लेकिन इससे जुड़ी भावनाएं वास्तविक होती हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# उत्कर्ष और नाना की फिल्म 'वनवास' जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** 'गदरः एक प्रेम कथा', 'अपने' और 'गदर 2' जैसी हिट फिल्मों के बाद अनिल शर्मा एक बार फिर से पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ऐलान किया था कि वह अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर के साथ एक मूवी बना रहे हैं। अब उसकी रिलीज डेट सामने आई गई है। वह कब और कहां रिलीज होगी, आइए जानते हैं। फिल्म का नाम 'वनवास' है, और इसी की शूटिंग के दौरान एक थप्पड़ कांड भी हुआ था, जिसने 'वेलकम' एक्टर को विवादों में लाकर खड़ा कर दिया था। ये फिल्म जी स्टूडियो के बैनर तले बनी है और 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




क्रिसमस के मौके पर अनिल शर्मा इसे लेकर आ रहे हैं और अपने बेटे को साबित करने के दूसरा मौका दे रहे हैं। इस मूवी की कहानी बेहद दिलचस्प होने वाली है, जो एक टाइमलेस थीम पर रोशनी डालेगी। यह दिखाएगी की कैसे फर्ज, सम्मान, और अपने कर्म के परिणाम जिंदगी को आकार देते हैं। सामने आए पोस्टर में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा नशे की हालत में झूमते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## सुनील ग्रोवर, तेजस्वी प्रकाश और जेठालाल को छोड़ा पीछे

# कपिल बने सबसे अमीर टीवी स्टार, एक एपिसोड की फीस 5 करोड़

**मुंबई।** आपको बताते हैं सबसे अमीर टीवी स्टार की कमाई, नेटवर्थ और आलीशान जिंदगी। के बारे में। इसमें रूपाली गांगुली भी हैं, जो हर एपिसोड के लिए 3 लाख रुपए कमाती हैं और 'नागिन 6' की तेजस्वी प्रकाश जैसे जाने-माने चेहरे भी लिस्ट में हैं। लेकिन भारतीय टेलीविजन के सबसे अमीर एक्टर कोई और नहीं बल्कि कॉमेडियन कपिल शर्मा हैं। कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के पास मुंबई में एक घर है, जहां से शहर का खूबसूरत नजारा दिखता है और चारों ओर हरियाली है। कपिल शर्मा के पास पंजाब में एक आलीशान फार्महाउस भी है जिसके ठीक सामने एक बड़ा लॉन है। उनकी प्रॉपर्टी की झलक अक्सर उनके सोशल मीडिया पेज पर शेयर किए गए पोस्ट में देखने को मिल जाती है। आइए आपको दिखाते हैं उनके घर की फोटोज।

*भारतीय टेलीविजन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला एक्टर कथित तौर पर हर एपिसोड के लिए 5 करोड़ रुपये लेता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस एक्टर की कुल नेटवर्थ बढ़कर 300 करोड़ रुपए हो गई है। सास-बहू के सीरियल्स के बावजूद सबसे अमीर टेलीविजन एक्टर का खिताब किसी और के पास चला गया है। ये और कोई नहीं बल्कि कपिल शर्मा हैं।*



### कपिल शर्मा की नेटवर्थ


मनीकंट्रोल के अनुसार, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के होस्ट कपिल शर्मा कथित तौर पर हर एपिसोड के 5 करोड़ रुपये कमाते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 300 करोड़ रुपये आंकी गई है। कपिल शर्मा को फेम 2007 में शुरू हुए 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 3' से मिला। उन्होंने 2013 में कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और बाद में 2016 से 2023 तक द कपिल शर्मा शो की होस्टिंग की, जिसके बाद से ही वो छाए हुए हैं।

### कपिल कार कलेक्शन

कपिल शर्मा के कार कलेक्शन की बात करें, तो एक वोल्वो XC90, मर्सिडीज-बेंज S350, रेंज रोवर इवोक और 5.5 करोड़ रुपये की एक कस्टम-डिजाइन वाली वैनिटी वैन उनके पास है।

### कपिल का करोड़ों का घर

उनके पास अंधेरी में 15 करोड़ रुपये का एक आलीशान अपार्टमेंट है, जहां वह अपनी मां, पत्नी गिन्नी चतरथ और अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। उनका भव्य घर काफी खूबसूरत है। हमने पहले भी उनके घर की फोटोज दिखाई हैं। इसके अलावा, कपिल शर्मा के पास चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में एक फार्महाउस भी है, जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपये है।



### सुनील ग्रोवर की कमाई

इस बीच, सुनील ग्रोवर को हर एपिसोड के लिए 25 लाख रुपये मिलते हैं। इस शो में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करण जौहर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे स्टार्स आ चुके हैं। शो की सफलता कपिल की पूरी टीम पर टिकी हुई है।

# आलिया को करण का ही सबसे बड़ा सहारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत बाल कलाकार के तौर पर फिल्म 'संघर्ष' से की थी, जिसमें उन्होंने छोटी प्रीति जिंटा की भूमिका निभाई थी, लेकिन मुख्य अभिनेत्री के तौर पर उनके करियर की शुरूआत निर्माता-निर्देशक करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से हुई थी। आज बात करते हैं आलिया के उन निर्माताओं के बारे में जिन्होंने उनके करियर को संवारा है। करण जौहर ने आलिया को बतौर अभिनेत्री अपनी पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर में ब्रेक दिया था। इस फिल्म में आलिया को 500 लड़कियों के साथ ऑडिशन देना पड़ा था। फाइनल होने के बाद आलिया ने 16 किलोग्राम वजन कम किया था। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में आलिया के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन ने अभिनय किया था। यह फिल्म 19 अक्टूबर 2012 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में आलिया से लेकर सिद्धार्थ और वरुण का प्रदर्शन भी दर्शकों को पसंद आया। इसके अलावा शशांक खेतान द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म हम्टी शर्मा की दुल्हनियां और बद्रीनाथ की दुल्हनियां में आलिया और वरुण की जोड़ी को प्रशंसकों ने खूब पंसद किया। फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया गया है। इसके अलावा धर्मा प्रोडक्शंस और वायकॉम 18 स्टूडियोज के तहत निर्मित रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया के साथ रणवीर सिंह की जोड़ी नजर आई थी।





# ताना मारने से शुरू हुआ बड़ा नाम बनाने का जुनून...

*मुंबई। तृप्ति डिमरी को आज किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। वह बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता और फैंस के बीच अपनी स्वीकृति को साबित किया है। इन दिनों अभिनेत्री अपनी फिल्मी सफर का आनंद ले रही हैं। लैला मजनू से करियर की शुरुआत करने के बाद फिल्म दर फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली तृप्ति हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम बनने की ओर अग्रसर हैं। इस बीच अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया में अपने शुरुआती दिनों का जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे उन्होंने बॉलीवुड में बड़ा नाम बनाने का ठान लिया था। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान तृप्ति डिमरी ने बताया कैसे एक टिप्पणी ने उनके अंदर कुछ कर दिखाने का जूनून पैदा किया। अभिनेत्री ने कहा, किसी ने मुझे ताना मारा और कुछ बहुत ही घटिया बात कही और उस दिन मैंने सोचा कि मैं बिना कुछ किए शहर नहीं छोड़ सकती। अभिनेत्री ने आगे कहा कि जब कोई इंडस्ट्री में नया होता है, तो वह अक्सर सही और गलत के बीच अंतर नहीं कर पाता। इस टिप्पणी ने ही उनके अंदर एक जूनून पैदा किया, जिससे उन्होंने मुंबई में कुछ बड़ा कर दिखाने का प्रण ले लिया।*


# नहीं बता पाईं राज्यों के नाम

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस कियारा आडवाणी को राम चरण और राणा दग्गुबाती के साथ उनके शो 'नंबर 1 यारी' में देखा गया। इस शो का प्रीमियर पिछले साल हुआ था। राम और कियारा सीजन के लास्ट एपिसोड में आए। 2023 में प्रसारित इस एपिसोड में कई खास पल थे। हाल ही में एक रेडिट यूजर ने एपिसोड से एक क्लिप शेयर की जिसमें राणा और राम ने कियारा से दक्षिण भारत के बारे में कुछ सवाल पूछे और उनसे दक्षिण भारतीय राज्यों के नाम बताने को कहा। लेकिन कियारा के जवाब ने उन्हें हर किसी के निशाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। कियारा ने तेलंगाना से शुरुआत की, इसके बाद आंध्र प्रदेश और यहां तक कि कर्नाटक का नाम भी लिया। राणा को उन्हें तमिलनाडु को याद करने के लिए मदद करनी पड़ी।

## टीवी मसाला



# करवा चौथ पर विक्रांत मैसी ने छूए पत्नी के पैर

**मुंबई।** विक्रांत मैसी बॉलीवुड के टॉप कलाकारों में से एक हैं। 12वीं फेल की सफलता के बाद अभिनेता का करियर सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हाल ही में, 20 अक्तूबर को देशभर में करवा चौथ का त्योहार मनाया गया। बॉलीवुड की कई हस्तियों ने अपने पार्टनर के साथ अपने सेलिब्रेशन की झलकियां शेयर की हैं। विक्रांत मैसी ने भी अपनी और पत्नी शीतल ठाकुर के सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। हालांकि, इन तस्वीरों के सामने आने के बाद हर तरफ अभिनेता की तारीफ हो रही है। विक्रांत मैसी ने इंस्टाग्राम पर कल रात के करवा चौथ समारोह की कई तस्वीरें साझा कीं। पहली तस्वीर में उनकी पत्नी शीतल ठाकुर छलनी से उन्हें देखती नजर आ रही हैं और बैकग्राउंड में चांद चमक रहा है। दूसरी तस्वीर में शीतल ने विक्रांत के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। तीसरी तस्वीर में अभिनेता ने अपनी पत्नी के पैर छूए। आखिरी स्लाइड में विक्रांत शीतल को पानी पिलाते हुए दिखाई दिए, जिसके बाद उन्होंने अपना व्रत तोड़ा था।

## रेमो ने धोखाधड़ी के आरोपों को किया खारिज

**मुंबई।** कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी लिजेल डिसूजा पर कथित रूप से 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रेमो, उनकी पत्नी व पांच अन्य लोगों ने एक डांस ग्रुप के साथ धोखाधड़ी की है। बीते शनिवार को सभी के खिलाफ 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला ठाणे जिले में दर्ज किया गया। हालांकि, खुद पर लगे इन आरोपों पर अब रेमो ने प्रतिक्रिया दी है और इन्हें झूठा बताया है। कोरियोग्राफर, एक्टर और डायरेक्टर रेमो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर लिखा है, 'कई मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए हमें यह मालूम चला है कि हम लोगों के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज हुई है। ऐसा दावा किया गया है कि हम लोगों ने एक डांस ग्रुप के साथ धोखाधड़ी की है।






# 'द राजा साब' के बड़े अपडेट के लिए समय तय

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद प्रभास के प्रशंसकों की निगाहें उनकी आगामी इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब पर टिकी हुई हैं। इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। प्रभास का जन्मदिन 23 अक्टूबर को आने वाला है। ऐसे में उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं प्रभास की आगामी फिल्म द राजा साब को लेकर प्रशंसक उनके जन्मदिन से पहले एक स्पेशल एडवांस बर्थडे पोस्टर की उम्मीद कर रहे हैं। इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए, द राजा साब के निर्माताओं ने कुछ खास योजना बनाई है।

# 'सिंघम' करने के लिए खुद को मानती हैं लकी

**मुंबई।** 'सिंघम' फिल्म को 18 अक्टूबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने प्रशंसकों से बात की थी। ये फिल्म साल 2011 में पहली बार रिलीज की गई थी। इस फिल्म में अजय देवगन को पहली बार बाजीराव सिंघम की भूमिका में देखा गया था, हिंदी सिनेमा में इस फिल्म के जरिए काजल अग्रवाल ने भी डेब्यू किया था। एक इंटरव्यू के दौरान काजल ने बात की। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों के साथ मुझे इसके जरिए दोबारा मिलने का मौका मिला है। सिंघम बहुत ही स्पेशल फिल्म है। यह बॉलीवुड में ट्रेंड सेट करने वाली खास फिल्मों में से एक है। फिल्म को बहुत सारे प्रशंसक मिले हैं।काजल ने कहा कि बहुत से प्रशंसक आज भी सिंघम फिल्म को टीवी या ओटीटी पर देखना पसंद करते हैं। काजल ने कहा, लोग आज भी इस फिल्म को देखते हैं। वहीं, कई ऐसे लोग हैं, जो मेरे पास आते हैं और मुझे बताते हैं कि ये टीवी पर भी कई बार दिखाई जा चुकी है। ये फिल्म एक्शन और ह्यूमर से भरी हुई है, जिसके लिए रोहित शेट्टी जाने जाते हैं।



# मरने के बाद भी कमाए 22 हजार करोड़

**लॉस एंजिलिस।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन की मौत को 15 साल बीत चुके हैं, पर आज भी उनकी अरबों में कमाई हो रही है। कुछ हस्तियां ऐसी हैं, जिनका स्टारडम मौत भी नहीं छीन पाती, और माइकल जैक्सन ऐसे ही सिलेब्रिटी रहे। मौत के 15 साल बाद भी माइकल जैक्सन का नाम उन हस्तियों की लिस्ट में शुमार है, जो मौत के बाद भी सबसे ज्यादा कमाई कर रही हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, माइकल जैक्सन ने साल 2023 में 115 मिलियन डॉलर की कमाई की। हाल ही में, फोर्ब्स ने साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मृत हस्तियों की लिस्ट जारी की। इसमें बताया क्या कि जो सितारे अब इस दुनिया में नहीं हैं, उन्होंने साल 2023 में कितनी कमाई की। आज मौत के बाद भी माइकल जैक्सन पिछले कई साल से लगातार तगड़ी कमाई कर रहे हैं, और फोर्ब्स की लिस्ट में छाए हुए हैं। साल 2009 में माइकल जैक्सन की मौत से लेकर अब तक उनकी कमाई 2.7 बिलियन डॉलर (22 अरब के आसपास) पहुंच चुकी है। साल 2023 में रॉयल्टी से माइकल जैक्सन की करीब 9699.07 करोड़ रुपए की कमाई हुई है।





## जैकेट के शेष

### एनआरआई का खेल, समय...

निर्देश के अनुसार मान्य किया जाना था, जिसमें एनआरआई कोटे का हकदार विद्यार्थी तभी माना जाएगा, जब उसके माता-पिता विदेश में रहते हों। शुक्रवार से दस्तावेजों की जांच के लिए बैठी टीम के पास सोमवार तक एक भी छात्र जांच के लिए नहीं पहुंचा। शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में एनआरआई कोटे से जुड़े विद्यार्थियों और पालकों की सरगर्मी दिखी, मगर किसी ने संबंधित दस्तावेजों की जांच नहीं कराई। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार दस्तावेज नहीं होने अथवा कमेटी की जांच के लिए उपस्थित नहीं होने वाले विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त माना जाएगा। सोमवार को जांच की मोहलत समाप्त होने के बाद इस मामले से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों को विभागीय जांच के आदेश का इंतजार था।

**काउंसिलिंग के लिए दस दिन का वक्त :** एनआरआई कोटे के विवाद की वजह से एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश की रिक्त सीटों के लिए मॉपअप राउंड काउंसिलिंग की प्रक्रिया अटकी हुई है। एनएमसी के निर्देश के अनुसार एडमिशन की प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी की जानी है। इसके हिसाब से दस दिन बाकी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के विपरीत एडमिशन लेने वालों पर आवश्यक कार्यवाही के साथ काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी करने के लिए विचार मंथन का दौर चल रहा है।

### ट्रक की ठोकर से...

इस दौरान मांडले ढाबा के पास मंदिर में पूजा कर सड़क पार कर अपने भाई राजेश उर्फ पप्पू साहू की बाइक सीजी 07 एजे 6916 में चारों सवार होकर घर जाने को निकल रहे थे। इस दौरान ट्रक सीजी 08 एएक्स 9046 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक समेत चारों को चपेट में लिया। हादसे में राजेश, रानी, जया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पूजा गंभीर रुप से घायल हो गई है। जिसका उपचार निजी अस्पताल में जारी है। घटना की खबर लगते ही मौके पर आसपास के लोगों ने चालक को ट्रक से नीचे उतार दिया और जमकर मारपीट की। हादसे को लेकर लोग सुबह 7 बजे से सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान तीनों का शव ट्रक में फंसे पड़े थे। मौके पर पुलिस समेत अफसर पहुंचे और लोगों को समझाइश का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शन करने वाले नहीं हट रहे थे। खबर लगने पर जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार, पटवारी पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाइश दी। मगर कोई भी अफसरों की बात नहीं मान रह था। तभी प्रशासन ने मृतक परिजनों को मुआवजा राशि के लिए 25-25 हजार रुपए तीनों को देने की बात कही लेकिन कोई नहीं माना। फिर ट्रक मालिक से बातचीत होने के बाद माहौल शांत हो पाया।

### ट्रक मालिक व प्रशासन...

होने निकली थी। ट्रक में भारी मात्रा में सीमेंट लदा हुआ था। लोगों की मांग है कि सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगे। तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### राम जन्मभूमि समाधान...

9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक मामले पर फैसला सुनाने वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ में शामिल सीजेआई चंद्रचूड़ ने उस समय की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए बताया कि यह मामला अत्यधिक पेचीदा था, लेकिन आस्था और समर्पण से इसे सुलझाया जा सका। सीजेआई ने गांव के लोगों से भी आस्था, एकता और समर्पण का संदेश साझा किया। उन्होंने कहा, "यदि आप ईश्वर में विश्वास रखते हैं, तो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी एक रास्ता मिल जाएगा। **इसी साल राम मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा :** अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह इस साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित हुआ था। इस आयोजन में देश-विदेश से बड़ी संख्या वीआईपी लोग पहुंचे हुए थे। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद भी ऐसा ही एक मामला था। सीजेआई इस साल जुलाई में अयोध्या में राम मंदिर गए थे और पूजा-अर्चना की थी।

## सीएम ममता बनर्जी के साथ भी हुई थी बैठक

# पीड़िता के माता-पिता के कहने पर जूनियर डॉक्टरों ने अनशन लिया वापस

*आरजी कर घटना के बाद पिछले 17 दिनों से धर्मतला में आमरण अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों ने सोमवार को रात को अनशन वापस ले लिया। डॉक्टरों ने कहा, पीड़िता की माता-पिता के कहने पर अनशन वापस लिया गया। साथ ही डॉक्टरों ने मंगलवार को व्यापक हड़ताल भी वापस ले लिया।*

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

उल्लेखनीय है कि वे 5 अक्तूबर से जूनियर डॉक्टर धर्मतल्ला में 'आमरण अनशन' पर बैठे थे। इसके साथ ही, उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में भी भूख हड़ताल चल रही थी। 10 सूत्री मांगों को लेकर वे अड़े हुए थे। अंततः सोमवार को आंदोलनकारियों ने अनशन वापस लेने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना के बाद पिछले 17 दिनों से जारी जूनियर डॉक्टरों की जारी आमरण अनशन के बीच सोमवार को राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और जूनियर डॉक्टरों के बीच बैठक हुई। बैठकइससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के बीच सोमवार को हुई बैठक लगभग दो घंटे तक चली। इसमें जूनियर डॉक्टरों की विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। इन मांगों में राज्य के अस्पतालों में व्याप्त धमकी की संस्कृति भी शामिल थी।




### सीएम की अपील

बातचीत डॉक्टरों के आमरण अनशन के 17वें दिन नवान्न (सचिवालय) में आयोजित की गई। पहली बार इसे लाइव स्ट्रीम किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने जूनियर डॉक्टरों से अनशन समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा, उनकी अधिकांश मांगों का समाधान किया गया है, हालांकि उन्होंने राज्य स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को खारिज कर दिया। दोनों पक्षों ने व्याप्त धमकी की संस्कृति पर सहमति जताई, लेकिन इसके पीछे के कारणों और परिस्थितियों पर उनके विचार भिन्न थे।

### डॉक्टरों का जवाब

स्वास्थ्य सचिव निगम को हटाने की मांग का संदर्भ देते हुए, जिसे मुख्यमंत्री ने अब तक स्वीकार नहीं किया, उन्होंने कहा कि बिना ठोस सबूत के उन्हें धमकी की संस्कृति का समर्थक बताना गलत है। आप बिना ठोस सबूत के किसी व्यक्ति को आरोपी नहीं कह सकते। पहले आपको सबूत देना होगा, फिर आप किसी व्यक्ति को आरोपी कह सकते हैं। इस पर एक आंदोलनकारी डॉक्टर ने जवाब दिया, कानून के अनुसार, किसी व्यक्ति को आरोपी तब तक कहा जा सकता है जब तक वह दोषी साबित नहीं होता।

### आरजी कर में 'विषाक्त' वातावरण

बैठक में एक डॉक्टर ने मुख्यमंत्री से कहा, पिछले तीन वर्षों में आरजी कर में 'विषाक्त' वातावरण के बारे में राज्य स्वास्थ्य विभाग के साथ कई बार लिखित रूप में चिंता व्यक्त की है। महिला चिकित्सकों को उनके पुरुष साथियों द्वारा अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा, और जिन्होंने यौन उत्पीड़न का सामना किया, उनके पास अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए उचित चैनल नहीं था। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने भिन्न मत देखने को मिले। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर आप आंदोलन शुरू करते हैं, तो आपको यह भी पता होना चाहिए कि इसे कैसे समाप्त करना है। यह सही नहीं है कि सभी आपकी मांगें मान ली जाएंगी। आप अपनी मांगें प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन हमारे पास यह आकलन करने का अधिकार है कि क्या वे न्यायसंगत हैं या नहीं उन्होंने उनकी मांगों पर ध्यान देने का वादा करते हुए जूनियर डॉक्टरों से अनुरोध किया कि वे अपने सहयोगियों को अनशन समाप्त करने और ड्यूटी पर लौटने के लिए मनाएं। हम चाहते हैं कि आप सभी स्वस्थ रहें और अपने जीवन में प्रगति करें। मैं भी एक जन आंदोलन का उत्पाद हूं। मुझे यह जानकर बहुत दुख होता है कि आपके कुछ सहयोगी अनशन पर हैं।

## पेज एक के शेष

### सूरजपुर में ...

शेख की माँ मैमूना शमीम का। हरिभूमि से बात करते वक्त तालिब शेख की माँ की आंखे भर आईं और गला रुंध गया। इस बीच छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हुए डबल मर्डर मामले में प्रधान आरक्षक के परिजनों ने बड़ा बयान आया भी दे दिया है। तालिब शेख की मां और बड़े भाई ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दोनों मृतकों को शहीद का दर्जा देने की भी मांग की है। प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी मेहू फैजी और बेटी आलिया शेखकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में प्रधान आरक्षक तालिब शेख के परिजनों का बयान आया है। परिजनों ने 15 दिन के भीतर फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट से फांसी की सजा दिलाने की मांग की। तालिब शेख की मां मैमूना शमीम और बड़े भाई मोहम्मद आरिफ ने दोनों मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। प्रधान आरक्षक तालिब शेख की मां ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि, यह बहुत बड़ी घटना हुई है। हमने इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा था। जो हमारे परिवार के साथ हुआ। हम लोग पूरी तरह से टूट गए है।

## भाजपा विधायक ने अपनी की पार्टी के लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**लखनऊ।** यूपी के महराजगंज में मूर्ति पर हुई पत्थरबाजी और राम गोपाल मिश्रा हत्याकांड के बाद अस्पताल चौराहे पर आक्रोशित भीड़ प्रदर्शन कर रही थी। जिसको लेकर अब बीजेपी महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने बीजेपी नगर अध्यक्ष समेत सात नाजमद व अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया है। जो जिले में चर्चा का विषय बना गया है। बीजेपी विधायक ने भीड़ पर उनके काफिले पर पत्थरबाजी और फायरिंग का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली में दर्ज विधायक महसी सुरेश्वर सिंह की एफआईआर के अनुसार 13 अक्तूबर को महराजगंज में हुई हिंसा में मृतक रामगोपाल के शव को बहराइच मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर रखकर भीड़ प्रदर्शन कर रही थी। वे अपने अंगरक्षकों व अन्य सहयोगियों के साथ शव रखे लोगों के पास पहुंचे। डीएम से मिलने सीएमओ कार्यालय पहुंचे, जहां सीएमओ, सिटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे। सभी को साथ लेकर दोबारा से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों के पास पहुंचे और बातचीत कर शव को मोर्चरी ले जाने लगे तभी कुछ उपद्रवी जिसमें भाजपा नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव व अन्य भाजपा कार्यकर्ता अनुज सिंह रैकवार, मनीष चंद्र शुक्ल, पुंडरीक पांडेय अध्यापक व अज्ञात भीड़ नारेबाजी करते हुए गाली गलौज करने लगी।

- **बहराइच हिंसा**
  बीजेपी नगर अध्यक्ष समेत सात नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज

## कबाड़ गोदाम में हादसा; कटर की चिंगारी से फैली आग

# वाराणसी में टंकी काटते समय धमाका, जिंदा जली महिला

एजेंसी ▸▸| वाराणसी

यूपी के वाराणसी में सोमवार दोपहर कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। तेज धमाके के साथ लगी आग में एक महिला जिंदा जल गई। परिवार के अन्य लोग झुलस गए। हादसा गोदाम में सीएनजी की टंकी को गैस कटर से काटते समय हुआ। सीएनजी की टंकी में गैस भरी थी। तभी गोदाम मालिक ने कटर चलाना शुरू कर दिया। कटर की चिंगारी से गैस ने आग पकड़ ली। गोदाम आग का गोला बन गया। धमाके की आवाज 2 किमी तक सुनाई थी। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग पर काबू पाया। एक घंटे की आग में गोदाम का सारा सामान भी जलकर राख हो गया।

### ऐसे हुआ हादसा

तीन दिन पहले कबाड़ की खरीदारी में पुराने सीएनजी गैस सिलेंडर भी गोदाम पर आए थे, पंकज ने कर्मचारी लगाकर उनको काटना शुरू किया। गोदाम के कर्मचारी बाढ़ू और प्रमोद कबाड़ में सीएनजी गैस सिलेंडर को कटर से काट रहे थे। पहले उन्होंने टंकी काटना शुरू किया, तो पंकज ने गैस रिसाव जांचने को कहा-लेकिन दोनों नहीं माने। गैस कटर चलाते ही अचानक सिलेंडर में आग लग गई, आग लगते ही दोनों कर्मचारियों के हाथ से कटर और सिलेंडर छूट गया। सिलेंडर की गैस में आग लगते ही कटर छोड़कर दोनों बाहर की ओर भागने लगे। इसी दौरान तेज धमाके के साथ आग विकराल हो गई।

## दिल्ली में हुई डकैती मेरठ में हेड कांस्टेबल के घर मिले पैसे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने डकैती के एक मामले में यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल के घर पर छापा मारा है। आरोपी हेड कांस्टेबल उत्तर प्रदेश के शामली जिले में तैनात है। कुछ दिन पहले दिल्ली के कीर्ति नगर में हुई डकैती के केस में हेड कांस्टेबल की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। उसके घर से डकैती के कुछ सामान भी बरामद हुए हैं। जानी थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया, ''रविवार दोपहर को दिल्ली पुलिस की एक टीम आई थी। उन्होंने हमें सूचित करने के बाद हेड कांस्टेबल वीर सिंह के घर पर छापा मारा था। मैं इस ऑपरेशन के बारे में अधिक जानकारी देने में असमर्थ हूं. वहां क्या बरामद हुआ, यह केवल दिल्ली पुलिस की टीम ही बता सकती है।

## बलात्कार मामला : प्रज्वल रेवन्ना को जमानत से इंकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज कर दी, जिनके खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने हासन के पूर्व सांसद की दो अग्रिम जमानत याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। प्रज्वल के खिलाफ बलात्कार और प्रताड़ना के चार मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने अगस्त में 2,144 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया।

**हमर BILASPUR — BILASPUR SMART CITY LIMITED**
3rd FLOOR, PINGLE BHAWAN, NEHRU CHOWK
Phone No. 07752-409740 Fax 07752-413888, e-mail - tenders.bscl@gmail.com

**Online E-Procurement -REQUEST FOR EMPANELMENT**
No771BSCL/2024-25 Bilaspur Dated 21/10/2024

BSCL invites Online Proposal for following work from eligible contractors or agencies:

| NIT No. | System Tender No. | Name of work | PAC (INR) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|---|
| 233 | 160067 (1ST Call) | Construction of Toilet For DMF Room Near Collectorate, Bilaspur. | 25.03 Lakhs | 12/11/2024 1ST 05:30 PM |
| 232 | 160068 (1ST Call) | Construction of Jhulaghar for employees at DMF office, Bilaspur. | 18.82 Lakhs | 12/11/2024 1ST 05:30 PM |

Interested parties may view the RFP Document and download details online directly from date 22/10/2024 from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in & BSCL Website https://www.smartcitybsp.com/ Note: These NIT(s) are subject to direction of Honorable High Court of Chhattisgarh, WP (PIL) No. 2 of 2021.

Green City, Clean City, Dream City — Manager, Bilaspur Smart City Limited

**कार्यालय नगर पंचायत सिमगा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/327/ लो.नि.वि./न.पं./2024-25 सिमगा, दिनांक 21 अक्टूबर 2024

**-: मैन्यूवल पद्धति से प्रथम निविदा सूचना :-**

नगर पंचायत सिमगा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग (सड़क) दिनांक 01/01/2015 एवं पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 से प्रभावशील एस. ओ.आर. दर से कम या अधिक प्रतिशत दर पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण एवं स्थल | निविदा राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य (25 अलग-अलग वार्डों में कार्य) | 140.13 | 25.10.2024 | 05.11.2024 | 11.11.2024 | "A" |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति - निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सिमगा




# महायुति और एमवीए के बाद महाराष्ट्र में बना तीसरा गठबंधन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

महाराष्ट्र में महायुति (सत्तारूढ़ गठबंधन) और विपक्षी महाविकास अघाडी गठबंधन (एमवीए) के विकल्प के रूप में पूर्व सांसद संभाजी छत्रपति राजे और राजू शेट्टी के साथ-साथ निर्दलीय विधायक बच्चू कडू ने गुरुवार (19 सितंबर) को 'परिवर्तन महाशक्ति' के गठन की घोषणा की. पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग बेचैन हैं और बदलाव चाहते हैं। संभाजी राजे ने कहा कि लोग दो एनसीपी और दो शिवसेना की उपस्थिति से भ्रमित हैं। दो गुट सत्ता में हैं और दो विपक्ष में हैं। इसलिए हमने परिवर्तन महाशक्ति बनाई है। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को इसकी पहली सार्वजनिक बैठक होगी. शिवसेना और एनसीपी जून 2022 और जुलाई 2023 में विभाजित हो गई। उन्होंने कहा कि मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे और वंचित बहुजन अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर को भी नए मोर्चे में शामिल होना चाहिए।

### संभाजी राजे के साथ आए ये दो दिग्गज



### जरांगे पाटिल से चल रही चर्चा

पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि उन्होंने जरांगे पाटिल से मुलाकात की है और उनके साथ राजनीतिक चर्चा की है। मैंने उनसे कहा कि हमारे उद्देश्य समान हैं। किसी की हार सुनिश्चित करने के बजाय हमें चुनावों में अपने उम्मीदवारों को जिताने की दिशा में काम करना चाहिए, ताकि वह विधानसभा में लोगों की चिंताओं को उठा सकें। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि जरांगे हमारे साथ जुड़ेंगे। अगर प्रकाश आंबेडकर और मनोज जरांगे भी तीसरे गठबंधन में साथ आते हैं तो ये गठबंधन पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में बड़ी ताकत बन सकता है। अगर यह अलायंस बनेगा तो इसका ज़्यादा नुकसान एमवीएको हो सकता है क्योंकि सत्तापक्ष विरोधी वोट में बंटवारा होगा।

### नवंबर में होने हैं चुनाव

*महाराष्ट्र में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन में एकनाथ शिंदे की शिवसेना, बीजेपी और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं।*

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के सुधार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है।

**वृष** — परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी मित्र से वस्त्र प्राप्त होंगे। खर्च बढ़ेंगे। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**मिथुन** — परिश्रम अधिक होगा। अफसरों का सहयोग रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों में वृद्धि होगी। व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयत्न करें।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षकि कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आय में वृद्धि होगी, परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। मन अशान्त रहेगा। लंबी यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — कला या संगीत में रुचि हो सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। कारोबार में सुधार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय के अवसर मिलेंगे। परिवार में सुख-शान्ति भी रहेगी।

**वृश्चिक** — खर्च अधिक हो सकते हैं। आय में वृद्धि भी होगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — आपसी सद्भाव बनाये रखने का प्रयास करें। किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। भवन सुख मिलेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — शैक्षणिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। पारिवारिक सुख में कमी आएगी। बातचीत में संयत रहें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में कुछ सुधार हो सकता है। परिवार के स्वास्थ्य एवं सुख-सुविधा का ध्यान रखें। धार्मिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5669




**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5668 का हल



## सूडोकु नवताल - 5681



### सूडोकु नवताल - 5680 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# स्क्वेयर फीट के बजाय हेक्टेयर में मूल्यांकन से किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



राजनांदगांव के टेडेसरा-देवादा से दुर्ग को छूकर नया रायपुर तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर में राजस्व अधिकारियों द्वारा बडी गडबडी कर दी गई है। दुर्ग जिले के दर्जनभर से अधिक गांव में सैकडों किसानों ने कम मुआवजा मिलने की शिकायत जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी सुनवाई नही होने से किसानों में आक्रोश की स्थिति निर्मित है।

भारतमाला परियोजना के तहत वर्तमान में काम भी शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के राजस्व विभाग द्वारा किसानों को अंधेरे में रखकर मूल्यांकन किया गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को पीडित किसानों ने आगामी 24 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस दौरान एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होने कह है कि, आज तक एक भी अधिकार मूल्यांकन करने नही पहुंचे है। किसान शिव चंद्राकर, नेमचंद चोपडा, अखिलेश साहू व रोहित साहू का कहना है कि, किसानो की जानकारी बगैर कब मूल्यांकन किया गया हैं। उन्हे भी जानकारी नही दी गई हैं। ग्राम धनोरा हनोदा, बोरीगारका, पुराई, उमरपोटी एवं अन्य समस्त ग्रामों के भू स्वामियों की जमीन जो की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत प्रभावित हुई है, उसका मुआवजा पिछले 7 वर्षों से नहीं मिला है। जिसके लिए काफी लंबे समय से भूस्वामियों द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर एवं एसडीएम सभी जगह भूस्वामियों द्वारा मिलकर एवं पत्र के माध्यम से अपनी परेशानियां अवगत करा चुके है। लेकिन सुनवाई नही हो रही हैं।

### इसलिए नुकसान कह रहे किसान

भारतमाला परियोजना के दायरे में आ रहे जमीन, जो पांच सौ वर्गमीटर से कम है। उनका निर्धारण स्क्वायर फीट में करना है। इससे अधिक की जमीन को ही हेक्टेयर में मूल्यांकन करना है। लेकिन दुर्ग के राजस्व अधिकारियों ने लापराही बरतते हुए छोटी जमीन का भी हेक्टेयर में मूल्यांकन कर दिया। जिससे किसानों को कम मुआवजा मिल रहा हैं। एक अनुमान के मुताबिक एक एकड जमीन का मूल्यांकन करने पर करीब बीस लाख मिलता है, लेकिन छोटा टुकडा जैसे पांच सौ वर्गमीटर से कम है तो यह राशि करोडों तक पहुंच जाती है।

## दो-दो लाख के 2 इनामी सहित 3 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 2-2 लाख के 2 ईनामी समेत 3 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मलांगेर एरिया कमेटी में कार्यरत प्लाटून नम्बर 24 सदस्य आयता उर्फ नंदू माड़वी पिता स्व. सोमडू माड़वी उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी माड़गादम पटेलपारा थाना कटेकल्याण 2 लाख ईनामी, प्लाटून नम्बर 24 सदस्य डीव्हीसी सचिव जगदीश का गार्ड हिड़मा माड़वी पिता स्व. पाण्डू माड़वी लगभग 18 वर्ष निवासी माड़गादम पटेलपारा थाना कटेकल्याण 2 लाख ईनामी एवं ककाड़ी आरपीसी मिलिशिया सदस्य देवा हेमला पिता बुधराम हेमला उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी ककाड़ी पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये 21 अक्टूबर को समर्पण किया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

Email ID nagarpanchayatbijapur@rediffmail.com

क्रमांक / 1019/लो.नि.शा./न.पा. परि. / 2024-25 बीजापुर, दिनांक. 21/10/2024

**-:: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

नगरपालिका परिषद् बीजापुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से छ.ग.लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01.01.2015 को जारी भवन एस.ओ.आर. तथा निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. के आधार पर निविदा प्रपत्र "अ एवं ब" में कम / बराबर / अधिक प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय- 05/11/2024 समय 05:30 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र प्रदायगी की अंतिम तिथि एवं समय- 06/11/2024 समय 05:30 बजे तक
(3) निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय- 13/11/2024 समय 04:00 बजे तक
(4) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय- 13/11/2024 समय 04:30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत अटल परिसर निर्माण कार्य। | 30.00 | 22500/- | 1500/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, बीजापुर
जिला- बीजापुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पंचायत कूंरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

e-mail-npkunra2016@gmail.com

क्र./789/ लो.नि.वि./ न.प./2024-25 कूंरा, दिनांक 21/10/2024

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लो.नि.वि. एस. ओ. आर. 01.01.2015 ( भवन / सड़क / विद्युत तथा संशोधित दरों से ) से अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 11.11. 2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि व समय - 04.11.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि व समय - 05.11.2024 अपरान्ह 5:00 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की तिथि व समय - 11.11.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय - 12.11.2024 कार्यालयीन समय तक

| स. क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि ( लाख में) | | अमानत राशि (रूपये में) | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | SOR | NON SOR | | | | |
| 01 | अटल परिसर निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 10 दर्री तालाब के पास । | 7.52 | 12.07 | 15000/- | "A" & "B" | 750/- | 02 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार / फर्म द्वारा कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथी 05.11.2024 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय से अथवा विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा

## ट्रक में मिला 22.40 लाख का डोडा

**महासमुंद।** जिले की सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच 53 ग्राम रेहटीखोल के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से 22 लाख 40 हजार रुपए का 2240 किलो अफीम पोस्त (डोडा) बरामद किया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।पुलिस ने बता कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक गेरूए रंग महिंद्रा कंपनी का ट्रक क्रमांक आरजे 04 जीसी 5944 एन एच 53 रोड बेरियर के कुछ आगे रोड किनारे खड़ा है। घटनास्थल पर जाकर देखा गया तो उक्त ट्रक के केबिन में कोई व्यक्ति नहीं था। आसपास चालक एवं वाहन मालिक की पतासाजी की गई, लेकिन कोई नहीं दिखा। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें मुर्रा की बोरियो के नीचे छुपाकर 140 नग प्लास्टिक बोरियां मिली। प्रत्येक बोरी में 16-16 किलोग्राम कुल 2240 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्त (डोडा) बरामद किया गया।

## डेम में मिला युवक का शव, जांच जारी

राजनांदगांव। पनियाजोब के डेम में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत पनियाजोब डेम में एक युवक मृत अवस्था में देखा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मृतक थामस नायगम 29 वर्ष करबला चौक निवासी 17 अक्टूबर को काम के लिए घर से निकला था, जो घर नहीं पहुंचा। उसकी गुमशुदा की रिपोर्ट डोंगरगढ थाना में दर्ज कराई गई थी।

FORM NO.
(See Regulation 33(2))
By Regd, A/D, Dasti Failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur - 482001

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT,1993.**

RC/51/2016 16-10-2024

BANK OF BARODA Versus ROYAL HATCHERY

To,
(CD1) ROYAL HATCHERY, C-92, SECTOR-II, DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.)-492001-
(CD2) JITENDRA KAUR, C-92, SECTOR-II, DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) - 492001- 492001
(CD3) SURINDER KAUR NEAR SABJI MANDI, DELHI-110001
(CD4) DALJIT SINGH SAHNI, ROSHANARA ROAD, NEAR ROSHANARA SINGH SAHNI, NEAR SABJI MANDI, DELHI-110001

Whereas you the ROYAL HATCHERY was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 22/01/2016 in OA/33/2014 to pay to the Applicant Bank(s) / Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 96,86,257.68 (Rupees Ninety Six Lakhs Eighty Six Thousands Two Hundred Fifty Seven And Paise Sixty Eight Only) along with pendentellite and future interest @ 12.00% Simple Interest Yearly w.e.f. 31/01/2014 till realization and costs of Rs. 99,000 (Rupees Ninety Nine Thousands Only), and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/Immoveable property.

2. You are hereby informed that the 22/11/2024 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and setting the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances,charges,claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

Land bearing part of Khasra No.107/4, Gram-Bhimborn ,Patwari Halka No. 15, RNM Tehsil & Distt. - Raipur (C.G.) area 0.405 Hectare. Residential Property Bearing No. X/5013 and 5014 (New) situated at Chamanganj, Sabji Mandi, Roshanara Road,Delhi-7 area 115 sq.Yard (1035 sq.ft.) Land bearing Part of Khasra No.174/12,Mauja Tatibandh, Patwari Halka No. 103, RNM, Raipur- 1, Tehsil & Distt. - Raipur, area 0.113 Hectare.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 16/10/2024.

Seal

Vaatsalya Kumar
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR (M.P.)

## कार्यालय नगर पंचायत कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

E-mail id- cmoksd@gmail.com

**-: प्रथम मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना :-**

क्र./701/न.पं./लो.नि.वि./2024-25 कसडोल, दिनांक 21/10/2024

नगर पंचायत कसडोल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य (अधोसंरचना मद अंतर्गत) हेतु लोक निर्माण विभाग भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, लोक निर्माण विभाग रोड एस.ओ.आर. 2015 एवं इलेक्ट्रिक एस.ओ.आर. 2020 तथा नॉन एस.ओ.आर. से प्रभावशील के अनुसूची दर पर (निविदा खोलने के दिनांक तक समस्त संसाधनो के साथ) कम/अधिक या समान दर पर निविदा प्रपत्र "A" एवं "B" में त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 25/10/2024
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 05/11/2024
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 18/11/2024 दोप 03:00 बजे
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 18/11/2024 शाम 05:00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि | | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने का समयावधि | निविदा कर्ता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत कसडोल क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 07 में हड़हा चौक के पास अटल परिसर निर्माण कार्य | 7.04 लाख<br>11.96 लाख | 19.00 लाख | 14600.00 | 750.00 | 02 माह | D श्रेणी एवं Above |

टीप :-
1. प्रत्येक निर्माण कार्य हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना, कार्यों की सूची निविदा के नियम एवं शर्तें नगर पंचायत कसडोल से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेब साईट पोर्टल https://uad.cg.gov.in से डाउलोड कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कसडोल

## कार्यालय, नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Email-cmolawan@gmail.com

क्र./465/निविदा/लो.नि.वि./नं.प./2024-25 लवन, दिनांक 21/10/2024

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से नगर पंचायत लवन हेतु निम्नलिखित कार्यो हेतु सी.जी.पी. डब्ल्यू.डी. भवन एवं सड़क एस. ओ. आर. 01.01.2015 कम / अधिक या समान दरो निविदा प्रपत्र "A" में त्रिलिफाफा पध्दति में बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी निविदाए स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार की जावेगी । समयवाधि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - 29.10.2024 दोपहर 4.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय - 30.10.2024 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की अंतिम तिथि समय - 11.11.2024 सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र बंद लिफाफा खोलने की तिथि व समय - 11.11.2024 सायं 5.00 बजे से

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि ( लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 10 में राम मंदिर चौक से धीरज मिश्रा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 3.16 |
| 2 | वार्ड क्र. 03 में काशी घर से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 7.00 |
| 3 | कार्यालय भवन में बाऊन्ड्रीवाल निर्माण कार्य । | 15.33 |
| 4 | शा.उ.मा.विद्यालय लवन में मेन रोड से स्कूल भवन तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य । | 13.47 |
| 5 | वार्ड क्र. 12 रामकुमार धीवर के घर से गंगा टेलर से चण्डी मंदिर तक सी.सी.रोड़ निर्माण | 14.34 |
| 6 | वार्ड क्रमांक 09 में मीना बाई साहू से पुर्णिमा किराना स्टोर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण तथा संपत लोधी घर से रंगमंच तक एवं सतीश जायसवाल के घर से ट्रास्फार्मर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य । | 7.49 |
| 7 | वार्ड क्र. 08 में झुमुक बियारा से राम साहनी के घर तक एवं पुणेन्द्र जायसवाल से दुकालू साहू तक सी.सी. रोड़ नवीनीकरण कार्य । | 10.28 |
| 8 | वार्ड क्र. 14 में रोहित यादव से पशु चिकित्सालय तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 3.87 |
| 9 | वार्ड क्र. 15 में जगदीश बार्वे के घर से समारू डहरिया के घर तक एवं हेमदास के घर से शिव कुमार साय के घर तक सी.सी. रोड़ नवीनीकरण निर्माण कार्य | 13.30 |
| 10 | वार्ड क्र. 11 में जानिक यादव के घर से हलधर साहू के घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण एवं शिव सोनी के घर से जानिक यादव के घर तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य । | 6.92 |
| 11 | वार्ड क्र. 07 में राधे जायसवाल के घर से जगदीश जायसवाल के घर तक, बिसहत लोधी के घर से रमा यादव के घर तक एवं पुनित यादव के घर से नागेन्द्र गंधर्व घर तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य । | 3.77 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम - छ. रा. वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी) कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (सं/ सं.) संभाग भाटापारा

क्र./10-20/10-25/ सामा./ 440 भाटापारा, दिनांक: 21.10.2024

**।। बिजली बंद की सूचना ।।**

एतत द्वारा समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2024 दिन मंगलवार को कार्यपालन अभियंता (उपकेन्द्र) संभाग-1 रायपुर के यूओ-नोट क्रमांक 1161 दिनांक 14.10.2024 के संदर्भ में 220/132/33 के.व्ही उपकेन्द्र सुरखी, भाटापारा में आवश्यक मैंटनेंस कार्य होने के कारण निम्नलिखित 33 के.व्ही. फीडर की सप्लाई समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बंद रहेगी।

| क्र. | प्रभावित फीडर | प्रभावित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र | प्रभावित क्षेत्र/ उपभोक्ता |
|---|---|---|---|
| 1 | 33 के.व्ही. भाटापारा -1 | देवरी, दतरेंगी, सिंगारपुर, कड़ार | उक्त उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं लाभांवित समस्त उपभोक्ता । |
| 2 | 33 के.व्ही. भाटापारा -2 | पटपर, सेंटमैरी | उक्त उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं लाभांवित समस्त उपभोक्ता । |
| 3 | 33 के.व्ही. भाटापारा-3 | टेहका रोड उपकेन्द्र | उक्त उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं लाभांवित समस्त उपभोक्ता । |
| 4 | 33 के. व्ही. एम. सी. प्लांट | - | उच्चदाब उपभोक्ता मेसर्स सिंघानिया सीमेंट एवं ओमकार उद्योग |
| 5 | 33 के.व्ही. पी.जी.सी.आई. एल. | - | उच्चदाब उपभोक्ता मेसर्स पी.जी.सी.आई.एल. |
| 6 | 33 के.व्ही. निपनिया | कड़ार, कोसमंदा, बिटकुली, निपनिया | उक्त उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं लाभांवित समस्त उपभोक्ता । |

उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

1. "स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"
2. "समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।"

(व्ही. के. राठिया)
कार्यपालन अभियंता (सं/ सं ) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा कर्मचारी
क्रमांक 9331181






## कार्यालय जनपद पंचायत डौण्डी, जिला - बालोद (छ. ग.)

क्र./ 6385./ज.पं./स्था./2024-25 डौण्डी दिनांक. 18/10/2024

**।। संशोधित निलामी सूचना ।।**

जर्जर पुराना जनपद पंचायत भवन डौण्डी का कवेलू (लकड़ी-खपरा, दरवाजा खिडकी आदि) रॉ सामाग्री की निलामी दिनांक 12.08.2024 को रखी गई थी, किन्तु बोलीकर्ताओं की अनुपस्थिति के कारण उक्त निलामी दिनांक 23.10.2024 को पुनः जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डी में समय दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ की जावेगी। ईच्छुक खरीददार भवन की स्थिति को देखकर निलामी बोली में भाग ले सकते है।

निलामी की शर्ते पूर्ववत रहेगी जो कार्यालयीन अवधि व समय पर अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत डौण्डी

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

क्रं./1897/ न.पा./लो.नि.वि./2024-25 आरंग, दिनांक 21.10.2024

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं पात्र प्रदायकर्ता फर्मो से निम्नलिखित कार्यो की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत ( लाख में) SOR | अनु. लागत ( लाख में) Non SOR | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 17 कलई रोड में अटल परिसर निर्माण कार्य | 12.62 | 16.78 | 11.11.2024 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

व्यर्थ पानी न बहाएं। समय पर कर अदा करें। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् आरंग





सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भारत-सिंगापुर के रक्षा मंत्रियों के बीच आज होगी छठी अहम बैठक

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के मध्य भारत और सिंगापुर के रक्षा मंत्रियों के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में छठा संवाद होगा। इसकी सह अध्यक्षता भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर की तरफ से डॉ. एनजी एंग हेन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस बैठक से दोनों देशों के रक्षा संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दोनों पक्ष साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

### यूएई की आधिकारिक यात्रा पर नौसेनाध्यक्ष, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों के बीच नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सोमवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इसका लक्ष्य सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने और समुद्री क्षेत्र में संबंधों को मजबूती प्रदान करना है। नौसेना ने बताया कि एडमिरल त्रिपाठी का यह यूएई का दौरा 21 अक्टूबर से शुरू होकर 24 अक्टूबर को समाप्त होगा। इसमें भारत के नौसेनाप्रमुख की यूएई की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल सईद अल नाहयान और वहां की सरकार के अन्य प्रतिनिधियों के साथ बातचीत होगी।

### छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों पर पड़ेगा इसका असर

# बंगाल की खाड़ी में उठा भयंकर तूफान, कल टकराएगा ओडिशा, पश्चिम बंगाल के तट से

## पुरी से टकरा सकता है यह साइक्लोन दाना






**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

समुद्री चक्रवात दाना को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिम बंगाल से लेकर दक्षिण भारत में मूसलाधार बारिश हो सकती है। यह चक्रवात 24 से 26 अक्टूबर के बीच तट से टकरा सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि इससे सबसे ज्यादा भारत, बांग्लादेश और म्यांमार हैं प्रभावित होने वाले हैं। वहीं, लगातार बारिश से प्रायद्वीपीय भारत का हाल बुरा है।

चेन्नई से लेकर बेंगलुरु और पांडिचेरी से लेकर तिरुवनंतपुरम तक बारिश हो रही है। बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग फ्लाईओवर पर गाड़ी पार्क करने के मजबूर हो गए. अगले 2 से 3 दिनों में उत्तरी तामिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भीषण बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने साइक्लोन के लैंडफॉल की जानकारी नहीं दी है। अनुमान है कि यह पुरी से टकरा सकता है। तूफान का दाना नाम सऊदी अरब ने दिया है। दाना का मतलब उदारता होता है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 23 अक्टूबर से ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर हवा की रफ्तार 60 केएमपीएच तक पहुंचने का अनुमान है, जो 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक बढ़कर 120 केएमपीएच हो जाएगी।

### कुछ स्थानों पर 30 सेमी से ज्यादा बारिश

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, तूफान के टकराने से एक दिन पहले यानी 23 अक्टूबर को ही भारी बारिश शुरू हो जाएगी। ओडिशा-बंगाल के तटीय इलाके में कुछ स्थानों पर 24-25 अक्टूबर को 20 सेमी बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर 30 सेमी यानी 11 इंच (एक फुट) से ज्यादा बारिश भी हो सकती है।

### छत्तीसगढ़, एमपी, उत्तराखंड पर भी पड़ेगा इसका असर

मौसम विभाग में बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान उत्तरी तमिलनाडु, रॉयल सीमा, कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। केरल, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड के कुछ हिस्सों, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्से, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, विदर्भ और दक्षिण गुजरात में हल्की बारिश संभव है। मौसम विभाग ने मछुआरा समुदाय को अरब सागर में मछली पकड़ने या अन्य गतिविधियों के लिए न जाने की सलाह दी गई है।

**लो प्रेशर बनना शुरू :** मौसम विभाग ने ओडिशा-बंगाल में मछुआरों को 23 से 26 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है। आईएमडी ने कहा कि सोमवार दोपहर से अंडमान सागर में लो प्रेशर बनने लगा है। 22 अक्टूबर तक पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर यह डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा। 24 अक्टूबर तक यह साइक्लोन में बदल जाएगा।

**साइक्लोन का 3 राज्यों पर ज्यादा असर :** साइक्लोन का 3 राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश में सर्वाधिक असर पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। ओडिशा में 24 अक्टूबर को पुरी, खुर्दा, गंजम और जगतसिंहपुर जिलों के लिए अलग-अलग भारी से बहुत भारी बारिश (7 से 20 सेमी) के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। आंध्र प्रदेशः मौसम बुलेटिन में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### रूस में 16 वें ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज रूस रवाना होंगे प्रधानमंत्री

# चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की संभावना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



यूक्रेन युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रूस में आयोजित किए जा रहे 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कजान की दो दिवसीय (22 से 23 अक्टूबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। इसके लिए उन्हें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आमंत्रित किया है। ब्रिक्स से इतर प्रधानमंत्री मोदी की रूस, ईरान समेत समूह के अन्य देशों के राष्ट्रप्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। यह जानकारी पीएम की यात्रा के पूर्व में विदेश मंत्रालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने दी। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ भारत की प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय बैठक को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा, चूंकि ये एक बहुपक्षीय आयोजन है। जिसमें हमेशा मुख्य कार्यक्रम से इतर द्विपक्षीय बैठकें होती हैं। अभी हम प्रधानमंत्री मोदी के समूचे कार्यक्रम को देख रहे हैं। द्विपक्षीय बैठकों को लेकर कुछ निवेदन आए हैं। जैसे ही इन्हें लेकर कोई सहमति बनेगी, हम आपको (मीडिया) सूचित करेंगे।

#### यूक्रेन युद्ध के बीच रूस का दूसरा दौरा

बताते चलें कि पिछले करीब साढ़े तीन महीने में यह दूसरा मौका है जब प्रधानमंत्री मोदी दूसरी बार रूस की यात्रा करेंगे। इससे पहले वह 8 से 9 जून 2024 को मास्को की यात्रा कर चुके हैं। इसके बाद अगस्त महीने में पीएम यूक्रेन भी गए थे।

#### 23 अक्टूबर को होगा शिखर सम्मेलन

सम्मेलन की शुरुआत 22 अक्टूबर को होगी। जबकि मुख्य शिखर सम्मेलन 23 अक्टूबर को होगा। इसमें क्लोज और ओपन प्लेनरी नामक दो सत्र होंगे। सम्मेलन के बाद कजान घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। जिसे समूह नेता स्वीकार करेंगे। यह ब्रिक्स की भावी योजना के लिए एक अहम दस्तावेज साबित होगा। शिखर सम्मेलन 24 अक्टूबर को समाप्त होगा। लेकिन पीएम मोदी अपनी घरेलू जिम्मेदारियों की वजह से बुधवार को ही स्वदेश लौट जाएंगे। लेकिन उस दौरान कजान में होने वाले ब्रिक्स प्लस व आउटरीच सत्र होगा। जिसमें कुछ देशों को अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित किया गया है। इसमें ब्रिक्स और वैश्विक दक्षिण के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। 28 देशों और सरकारों के प्रमुख, 5 अंतरराष्ट्रीय संगठन इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे।

## जन औषधि केन्द्रों की संख्या में 170 गुना से अधिक बढ़ोत्तरी हुई, 14 हजार से अधिक केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) ने अक्टूबर 2024 में 1000 करोड़ रुपये की बिक्री करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष की तुलना में यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है और यह लक्ष्य दिसंबर, 2023 में पूरा किया गया था। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार यह उपलब्धि सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं पर लोगों के बढ़ते भरोसे और निर्भरता को दर्शाती है। लोगों ने देश भर में 14,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों से दवाइयां खरीदकर इस पहल को अपनाया है। यह पर्याप्त वृद्धि कम खर्च में स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ और सस्ती बनाने की पीएमबीआई की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पीएमबीआई ने सितंबर 2024 में एक ही महीने में 200 करोड़ रुपये की दवाइयां बेची थीं।

- **पीएम जनऔषधि परियोजना ने के तहत इस महीने 1000 करोड़ रुपये हुई बिक्री**

## कनाडा के दोहरे चरित्र पर बरसे एस जयशंकर, बोले भारत के राजनयिकों के साथ होता है सौतेला व्यवहार

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कनाडा को लेकर अपना रुख साफ किया। कनाडा और भारत रिश्तों के बीच तनाव पर विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडा भारत के राजनयिकों के साथ सौतेला व्यवहार करता है। कनाडा हमारे राजनयिकों को पसंद नहीं करता। उन्हें हमारे राजनयिकों से दिक्कत है। कनाडा ने हमसे अपने उच्चायुक्त के खिलाफ पुलिस जांच कराने को कहा और हमने उच्चायुक्त और राजनयिकों को वापस बुला लिया। ऐसा लगता है कि उन्हें इस बात से परेशानी है कि भारतीय राजनयिक कनाडा में क्या हो रहा है, यह जानने की कोशिश भी कर रहे हैं, जो सीधे उनके कल्याण और सुरक्षा से संबंधित है।

## 24 अक्टूबर से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जर्मन चांसलर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी विवाद के बीच इस सप्ताह गुरुवार 24 अक्टूबर से जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्थापित सातवें अंतर सरकारी परामर्श में भाग लेना है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए जर्मन चांसलर को प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि शुक्रवार, 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओलाफ शोल्ज परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में भारत, जर्मन और अन्य देशों के करीब 650 शीर्ष उद्योगपतियों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। मंत्रालय के मुताबिक, यह अंतर सरकारी परामर्श एक ऐसा मंच है। जिसके तहत दोनों देशों के मंत्री अपने-अपने क्षेत्रों के बारे में विचार-विमर्श करते हैं। उनके द्वारा बातचीत के नतीजों को प्रधानमंत्री और चांसलर को सूचित किया जाता है।

- **दोनों देशों के बीच सातवें अंतर सरकारी परामर्श में प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे शिरकत**

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मैकेनिक/सुपरवाइजर**

**आवश्यकता है-** हॉंडा शो रूम में काम करने हेतु 5 मैकेनिक, 3 सुपरवाइजर, 3 कंप्यूटर में कार्य करने हेतु युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क - अग्रवाल हॉंडा साई मंदिर चौक तिल्दा नेवरा 08962000104.** (RO-5983)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1646)

छोटा विज्ञापन

**आवश्यकता है-** कपड़ों के नये शोरूम के लिए सेल्समैन व सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है।4 वर्षों से अधिक अनुभवी को 15000/-+ सेलरी। **स्थान -नारायणपुर** district - Narayanpur (Baster) **मो.- 9303929235.** (RO-2438)

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (Ro-3057)

**कुक**

**आवश्यकता है-** कुक चाहिए नया रायपुर सेक्टर 27 में 60 लोगों का खाना बनाने हेतु अनुभवी कुक चाहिए **मों.- 9826136230.** (RO-5980)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**असिस्टेंट/अकाउन्टेंट**

**Requirment-** A law consulting firm seeks with Minimum 3 years' experience: Law Assistant (Bilaspur): Bar-registered, legal drafting and pleading skills, Interest in Commercial and Contractual matters. Accountants/office staff (Raipur): commerce graduates, proficient in accounting software, and having Strong Communication Skill. Send your resumes to 9981991643 or vivechnaconsultingllp@gmail.com Interview Date- 25 & 26 October 2024, Timing - 12.00 PM (RO-5982)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मैकेनिकल/इलेक्ट्रीकल**

PLUSSTAR ENGINEERING PVT. LTD.

हमें अपनी संस्थान JSW स्टील लिमिटेड बेल्लारी, कर्नाटक हेतु मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल फील्ड में योग्य, ऊर्जावान एवं अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

मैकेनिकल विभाग हेतु

| पद | अनुभव |
|---|---|
| मिल राइट फीटर | 15 वर्ष |
| फीटर | 10 वर्ष |
| वेल्डर | 5 वर्ष |
| गैस कटर | 5 वर्ष |
| हेल्पर | 3 वर्ष |
| रीगर | 3 वर्ष |
| कन्वेयर ऑपरेटर | 3 वर्ष |
| स्टेकर ऑपरेटर | 3 वर्ष |

इलेक्ट्रीकल विभाग हेतु

| पद | अनुभव |
|---|---|
| मास्टर टेक्नीशियन | 15 वर्ष |
| इलेक्ट्रीशियन | 10 वर्ष |
| इलेक्ट्रीकल सुपरवाइजर | 15 वर्ष |
| हेल्पर | 3 वर्ष |

इच्छुक उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना शैक्षणिक, अनुभव प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ एवं संबंधित प्रमाण पत्र, मेल करें या नीचे लिखे नंबर पर वॉट्सअप करें या हमारी वेबसाईट www.plusstargroup.com /carreer पर अपलोड करें.
E: career.psepl@gmail.com
7894470792

**अकाउन्टेंट**

**आवश्यकता है-** सिविल एंड इन्फ्रा प्रोजेक्ट में कार्यरत फर्म को भिलाई में कार्य हेतु अनुभवी एकाऊंटेंट की। न्यूनतम 5वर्ष का अनुभव एवं कामर्स ग्रेजुएट एवं टेली का अनुभव जरूरी। वेतन योग्यतानुसार, पी.एफ. एवं ESI की सुविधा। **संपर्क:- 77228-28505, 97550-42205** (आरो-608)

**इलेक्ट्रीशियन/फीटर**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर रेलवे स्लीपर प्लांट में ग्रेड-1 इलेक्ट्रीशियन (4-5 वर्ष अनुभवी) ग्रेड-1 फीटर चाहिए। हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध आधार कार्ड सहित व्हाट्सएप पर **सम्पर्क करें- 9669814440 (फोन पर सम्पर्क न करें)** (RO-35746)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक / युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, **संपर्क करें - धरमपुरा जगदलपुर, (छ. ग.) मो.9644490606, 9303375986** (आरो-5984)

**घरेलु/कुक कार्य**

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1227)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कम्प्यूटर कार्य के लिए युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- मो.-95840-23555, 86022-32233 पता- शॉप नं.- 38 महिला समृद्धि बाजार पदमनाभपुर दुर्ग (छ.ग.)** (आरो न.-606)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर, 8109135400.** (RO-941)

**ड्रायवर/रिशेप्सनिस्ट**

**आवश्यकता है-** चार पहिया वाहन हेतु 15वर्ष अनुभवी कार ड्राइवर, अंग्रेजी माध्यम cbse 7वी कक्षा छात्रा पढ़ाने हेतु महिला होम ट्यूटर, पिरदा स्थित प्रिंटिग प्रेस हेतु सुपरवाइजर रिशेप्सनिस्ट MS Office, Excel, PPT के अनुभवी की आवश्यकता है। बॉयोडाटा सहित **संपर्क करें: - 8889335559, 8982878459** (आरो-327)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**अन्य**

**आवश्यकता है-** Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 9155382119, 7050656611.** (RO-505)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834.** (RO-507)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **8929276138.** (RO-504)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000- 55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल **मुफ्त** Call/ SMS/ WhatsApp/ **करें -07903284986.** (RO-503)

**आवश्यकता है-** (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (RO-1333)

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.** (RO-3774)

**Business व्यापार**

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

**प्लॉट उपलब्ध है-** दिवाली धमाका-दया नगर रिसाली में आवासीय डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध रेट 1299/वर्गफ़ीट,साइज़-2400 एवं 900 वर्गफीट,बैंक लोन कंस्ट्रक्शन सुविधा **उपलब्ध- 9589886655 /9589046655.** (आरो न.-609)

**मकान**

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट एवं रायपुरा 750 वर्गफुट मे 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया बेचना है **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070.** (RO-3052)

**जमीन**

**जमीन बेचना है-** मनगटा झूराडबरी में 5 dis. जमीन बेचना है छोटा फार्महाउस (रिसॉर्ट) हेतु उपलब्ध 38×60 फिट तुरंत बेचना है **संपर्क:- मो.- 9329152721** (आरो न.-607)

**जमीन बेचना है-** नेशनल हाईवे रोड से लगा हुआ 14 एकड़ का संयुक्त प्लाट, उद्योग, हाउसिंग कॉलोनी एवं रिसॉर्ट के लिए उपयुक्त फ्रंट आधा किलोमीटर शीघ्र बेचना है **संपर्क- 9425517543, 9165420005.** (RO-5985)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (Ro-3055)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# सॉफ्टी आइसक्रीम डेयरी उत्पाद नहीं, 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा: एएआर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनीला स्वाद में तैयार सॉफ्टी आइसक्रीम 'मिक्स' डेयरी उत्पाद नहीं है और उसपर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) की राजस्थान पीठ ने यह निष्कर्ष दिया है। वीआरबी कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लि. ने पाउडर के रूप में वनीला मिश्रण पर कर को लेकर एएआर से संपर्क किया था। उसे उत्पाद के बारे में कहा था कि इसमें 61.2 प्रतिशत चीनी, 34 प्रतिशत दूध के ठोस पदार्थ (स्किम्ड मिल्क पाउडर) और स्वाद बढ़ाने वाले पदार्थ और नमक सहित 4.8 प्रतिशत अन्य सामग्री शामिल है।

- वनीला स्वाद में तैयार सॉफ्टी आइसक्रीम 'मिक्स' डेयरी उत्पाद नहीं


## अग्रिम निर्णय प्राधिकरण की राजस्थान पीठ ने यह निष्कर्ष दिया

### मलाईदार उत्पाद बनाने में कच्चे तेल की विशिष्ट भूमिका

एएआर ने पाया कि मुलायम और मलाईदार उत्पाद बनाने में प्रत्येक कच्चे माल की एक विशिष्ट भूमिका होती है। इसके अलावा, यह भी महत्वपूर्ण है कि न केवल उत्पाद की सामग्री, बल्कि 'सॉफ्ट सर्व' यानी आइसक्रीम बनाने की मशीन में किया गया प्रसंस्करण भी 'सॉफ्ट सर्व' को चिकनी और मलाईदार बनावट देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### भोजन पर 18 फीसदी लगेगा कर

जीएसटी कानून के अनुसार प्रसंस्करण के जरिये मानव उपभोग के लिए तैयार किये गये भोजन पर 18 प्रतिशत कर लगता है। इसके अलावा दूध पाउडर, चीनी और किसी भी अन्य अतिरिक्त सामग्री, जेली, आइसक्रीम और इसी तरह की तैयारी पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है।



*18 फीसदी जीएसटी लगेगा :* प्राधिकरण ने कहा, "यह भी स्पष्ट है कि जिस उत्पाद पर सवाल उठाये गये हैं, उसे डेयरी उत्पाद नहीं कहा जा सकता है। इस प्रकार, उत्पाद 'वनीला मिक्स' यानी वनीला स्वाद में सूखी सॉफ्टी आइसक्रीम (कम वसा) पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

*फैसला आने वाली जटिलताओं को बताता है :* मोहन ने कहा, "इन फैसलों के बीच का अंतर जीएसटी लगाने के लिए उत्पादों को वर्गीकृत करते समय कंपनियों के सामने आने वाली जटिलताओं को बताता है। यह कर देनदारी निर्धारित करने में कच्चे माल की संरचना और उत्पाद के उपयोग के महत्व को बताता है।

### पहले डेयरी उत्पाद के रूप में वर्गीकृत

मोहन ने कहा, "... यह निर्णय जीएसटी वर्गीकरण निर्धारित करने में प्रमुख सामग्रियों और विनिर्माण प्रक्रियाओं के महत्व को रेखांकित करता है। एकेएम ग्लोबल के कर भागीदार संदीप सहगल ने कहा कि यह फैसला अमृत फूड्स मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के उलट है। उस मामले में न्यायालय ने संस्थागत बिक्री के लिए 'मिल्क शेक मिक्स' और 'सॉफ्ट सर्व मिक्स' को 'डेयरी उत्पाद' के रूप में वर्गीकृत किया था।

## खबर संक्षेप

### अल्ट्राटेक सीमेंट को 825 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ




**नई दिल्ली।** अग्रणी सीमेंट उत्पादक कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 825.18 करोड़ रुपये रहा है। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ने यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 1,280.38 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### एचडीएफसी बैंक का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़ा




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का शेयर सोमवार को करीब तीन प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़ा है। बैंक का मुनाफा बढ़ने की खबर से इसके शेयर में तेजी आई। बीएसई पर बैंक का शेयर 2.83 प्रतिशत चढ़कर 1,728.80 रुपये पर बंद हुआ।

### विनिर्माण क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के लिए नवाचार महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली।** भारत फोर्ज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बाबा कल्याणी ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। तेज वृद्धि हासिल करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र में नवाचार महत्वपूर्ण है। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

### सूरज एस्टेट ने कारोबार विस्तार के लिए जुटाए 343 करोड़ रुपए

SURAJ

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने जमीन खरीदने तथा अपनी कार्यशील पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए शेयर तथा वॉरंट जारी कर 343 करोड़ रुपये जुटाए हैं। तरजीही आवंटन के जरिये करीब 243 करोड़ रुपये तथा परिवर्तनीय शेयर वॉरंट जारी कर करीब 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि हासिल की है।

### एफकॉन्स के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

AFCONS

**मुंबई।** शापूरजी पालोनजी समूह की कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 25 अक्टूबर को खुलने वाले अपने 5,430 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 440-463 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ 1,250 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों और 4,180 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है।

### विक्रम देव दत्त ने कोयला सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** विक्रम देव दत्त ने सोमवार को कोयला सचिव का पदभार संभाल लिया। दत्त ने वी एल कांता राव का स्थान लिया। राव वर्तमान में खान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा, "अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी दत्त इससे पहले नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे। राव से पहले अमृत लाल मीणा कोयला सचिव के पद पर कार्यरत थे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मीणा को उनके गृह कैडर बिहार वापस भेजा गया।

## अखिल भारतीय सराफा संघ ने दी जानकारी

# चांदी 5,000 रुपए के जोरदार उछाल के साथ सर्वकालिक उच्चस्तर पर, सोने का भी नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही और यह 5,000 रुपये के उछाल के साथ 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं।

*राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 750 रुपये की तेजी के साथ 80,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत 5,000 रुपये के जबर्दस्त उछाल के साथ सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है।*

### चांदी में निकली औद्योगिक मांग

जिंस बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी बाजार में जारी तेजी का मुख्य कारण औद्योगिक मांग और सोने में आई तेजी है। चांदी की तेजी मजबूत दिख रही है। उन्होंने कहा कि निवेशक गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में देखते रहेंगे, जिससे आने वाले सत्रों में चांदी को अच्छा समर्थन मिलेगा।

### 24 कैरेट सोना 80,250 रुपए प्रति दस ग्राम

इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 750 रुपये चढ़कर 80,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, जबकि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### चांदी में नई खरीदारी शुरू हुई आगे भी तेजी की उम्मीद

दिसंबर डिलिवरी वाले चांदी के अनुबंध का भाव 2,822 रुपये या 2.96 प्रतिशत उछलकर 98,224 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चस्तर पर पहुंच गए। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषण (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "एमसीएक्स में 34 डॉलर के स्तर को पार करने से चांदी में नई खरीदारी शुरू हो गई है, क्योंकि बाजार भागीदारों को आगे और तेजी की उम्मीद है।"



- सोना 750 रुपए तेजी के साथ 80,650 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेजी
- चांदी 5000 हजार रुपए बढ़कर 99,500 रुपए प्रति किलोग्राम

### सोने में उछाल त्योहारी व शादी-विवाह के कारण

सराफा कारोबारियों ने सोने की कीमतों में उछाल की वजह त्योहारी और शादी-विवाह के मौसम में बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की खरीदारी में आई तेजी को बताया। इसके अलावा, विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ-साथ शेयर बाजारों में गिरावट ने सोने की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग को बढ़ा दिया।

*सोने का अनुबंध 493 रुपए बढ़कर : मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाला सोने का अनुबंध 493 रुपये बढ़कर 78,242 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को कारोबार के दौरान सोना 591 रुपये बढ़कर 78,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी।*

### ईवी मांग से चांदी में उछाल

त्रिवेदी ने कहा कि चांदी में यह उछाल न केवल अधिक किफायती कीमती धातु के रूप में इसकी अपील के कारण है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र और फोटोवोल्टिक अनुप्रयोगों की बढ़ती मांग के कारण भी है, जिससे मध्यम से लंबी अवधि में वैश्विक मांग बनी रहने की उम्मीद है।

### कॉमेक्स में सोना वायदा में तेजी

वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 0.52 प्रतिशत बढ़कर 2,744.30 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, एशियाई बाजार में चांदी वायदा का भाव 2.91 प्रतिशत बढ़कर 12 साल के उच्चतम स्तर 34.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## कपड़ा क्षेत्र में 95,000 करोड़ रुपए के निवेश की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कपड़ा सचिव रचना शाह ने सोमवार को कहा कि देश के कपड़ा क्षेत्र में अगले तीन से पांच साल में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क और मानव निर्मित कपड़ों तथा तकनीकी कपड़ा उत्पादों के लिए पीएलआई योजना से 95,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है।



- पीएम मित्र व पीएलआई योजना से राशि आने की उम्मीद : सचिव

शाह ने कहा कि कपड़ा क्षेत्र दो योजनाओं के अलावा एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) जैसे कई अन्य माध्यमों से भी निवेश आकर्षित करेगा। मानव निर्मित कपड़े, परिधान और तकनीकी कपड़ा जैसे 'उभरते क्षेत्रों' को बढ़ावा देने पर सरकार का पूरा ध्यान है। कपड़ा सचिव ने कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाले 'भारत टेक्स 2025' में न केवल समझौते बल्कि निवेश और व्यापार सृजन के संदर्भ में 'काफी ठोस परिणाम' आने की उम्मीद है। 'भारत टेक्स 2025' का दूसरा संस्करण 14 से 17 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा।

### सात बड़े टेक्सटाइल पार्क इन राज्यों में

इसके अलावा निश्चित रूप से बहुत सारे अन्य निवेश भी होंगे। इसमें एफडीआई और अन्य स्रोतों से होने वाले निवेश शामिल हैं। पीएम मित्र योजना के तहत सात वृहद टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ/हरदोई) और महाराष्ट्र (अमरावती) में स्थापित किये जा रहे हैं।


## विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से सेंसेक्स 73 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती तेजी को बरकरार नहीं रख पाये और गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी के बीच कोटक महिंद्रा बैंक में तेज गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 73.48 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,151.27 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 545 अंक चढ़ गया था लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से नीचे आया। निफ्टी भी 72.95 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,781.10 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया... इस बीच, कंपनियों के कमजोर वित्तीय परिणाम और मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण एफआईआई ने चीन में अपनी रणनीतिक खरीदारी जारी रखी, जबकि भारत में बिकवाली की।'



- कोटक महिंद्रा बैंक में तेज गिरावट से बाजार में रहा नुकसान


### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से कोटक महिंद्रा बैंक में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और जेएसडब्ल्यू स्टील में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक करीब तीन प्रतिशत चढ़ा।

## सरकार 'उड़ान' योजना को 10 साल के लिए और बढ़ाएगी

- उड़ान योजना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर बोले विमानन मंत्री नायडू
- उड़ान योजना से क्षेत्रीय विमानन कंपनियां अस्तित्व में आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि सरकार क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' को 10 साल के लिए और बढ़ाएगी।

राष्ट्रीय राजधानी में योजना के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि 'उड़ान' योजना से क्षेत्रीय विमानन कंपनियों को अस्तित्व में आने और विकास करने का मौका मिला। साथ ही रोजगार सृजन हुआ तथा पर्यटन को बढ़ावा मिला है। क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के अंतर्गत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू किए गए। उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और विमान सेवा को अधिक किफायती बनाना है। इसे 21 अक्टूबर 2016 को 10 वर्षों के लिए शुरू किया गया था।मंत्री ने कहा कि इस योजना को अगले 10 वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम ने कहा कि मंत्रालय इस योजना के तहत वित्तीय व्यवहार्यता पहलुओं तथा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने पर विचार कर रहा है। मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा, " कुल 86 हवाई अड्डों... जिनमें 71 हवाई अड्डे, 13 हेलीपोर्ट और दो वाटर एयरड्रोम शामिल हैं, का संचालन शुरू कर दिया गया है।

### टाटा मोटर्स को एक हजार बस 'चेसिस' का मिला ठेका...




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) से 1,000 डीजल बस 'चेसिस' की आपूर्ति का ठेका मिला है। टाटा मोटर्स ने सोमवार को बयान में कहा, कंपनी को यह ठेका प्रतिस्पर्धी ई-बोली प्रक्रिया के बाद हासिल हुआ। बस 'चेसिस' की आपूर्ति पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के अनुसार चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक यात्री वाहन कारोबार प्रमुख आनंद एस. ने कहा, " ...हम यूपीएसआरटीसी के मार्गदर्शन के तहत आपूर्ति शुरू करने के लिए तत्पर हैं। कंपनी ने कहा, यूपीएस आरटीसी को पिछले वर्ष 1,350 बस 'चेसिस' के बड़े ठेके की सफलतापूर्वक पूर्ति के बाद यह ठेका मिला है।

## बिजनेस साइट

### इस त्योहारी सीजन अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन



**रायपुर।** मध्यभारत का प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड 'एटी' अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। एटी ज्वेलर्स चांदी के गहने, गिफ्ट आइटम्स, एंटीक, लाइट और हैवी वेट गोल्ड ज्वेलरी और डायमंड ज्वेलरी के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें पोलकी और रजवाड़ा ज्वेलरी भी शामिल है। एटी की प्रत्येक ज्वेलरी यूनिक डिजाइन और सूक्ष्म कारीगरी का परिचायक है, जो वाजिब मूल्य पर उपलब्ध है। रायपुर में एटी के तीन शोरूम संचालित हैं जो कोतवाली चौक, सदर बाजार, और न्यू क्लाथ मार्केट पंडरी में स्थित है। तिलोक बरड़िया, शांतिलाल बरड़िया और अशोक बरड़िया ने बताया कि वे 67 वर्षों से सराफा व्यवसाय में हैं। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए, वे विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिजाइन तैयार करते हैं, जो हर शुभ अवसर और वैवाहिक समारोह के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने कहा कि एटी अपने ग्राहकों की पसंद और बजट के अनुसार ज्वेलरी का निर्माण रायपुर, मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में कराता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि ज्वेलरी कैडमियम के टांके और हॉलमार्क की सत्यता के साथ ही बिक्री के लिए उपलब्ध हो। इसके अलावा ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार ज्वेलरी रिपेयरिंग की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं।

#### एटी मान्यता प्राप्त ज्वेलरी वैल्यूर

एटी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्वेलरी वैल्यूर है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्वेलरी डिजाइनों के लिए ज्वेलर्स गिल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर एटी के तीनों शोरूम में हजारों ज्वेलरी डिजाइनों का संग्रह देखने को मिलेगा।

### वॉलफोर्ट ओमेगा की हुई ग्रैंड लांचिंग, मिला अच्छा रिस्पांस

WALLFORT OMEGA
Building Today For A Better Tomorrow

**रायपुर।** वॉलफोर्ट ग्रुप के नए कमर्शियल प्रोजेक्ट 'वॉलफोर्ट ओमेगा' की ग्रैंड लांचिंग न्यू राजेंद्र नगर, रिंग रोड नंबर-1 पर की गई। इस अवसर पर दो दिन का विशेष लांचिंग प्रोग्राम रखा गया। कमर्शियल प्रोजेक्ट में प्रॉपर्टी की बुकिंग को अच्छा रिस्पांस मिला। इस पांच मंजिला प्रोजेक्ट में 250 से अधिक ऑफिस, रिटेल स्टोर और दुकानें शामिल हैं। वॉलफोर्ट ओमेगा में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और यह पहला ऐसा कमर्शियल प्रोजेक्ट होगा, जिसमें नेचुरल गार्डन का कॉन्सेप्ट लाया गया है। वॉलफोर्ट ग्रुप के निदेशक पंकज लाहोटी और अर्पित पारख ने बताया कि कंपनी हमेशा ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रोजेक्ट्स तैयार करती रही है। उनका कहना है कि वॉलफोर्ट ओमेगा आधुनिक सुविधाओं के साथ एक उत्कृष्ट प्रोजेक्ट है, जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रोजेक्ट में निवेश करना लाभदायक साबित होगा और यह व्यवसायों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगा, जैसे कि एक मेट्रो सिटी में संभव है। इसलिए कई प्रमुख ब्रांड्स और बड़े कॉर्पोरेट घरानों ने भी यहां प्रॉपर्टी की बुकिंग की है।

### उज्जवल ज्वेलर्स में विशेष ऑफर: हीरे और सोने के आभूषण पर बड़ी छूट

UJJWAL JEWELLERS
TRUSTED FOR GENERATIONS

**रायपुर।** उज्जवल ज्वेलर्स में चल रहे विशेष ऑफर के तहत ग्राहकों को हीरे के आभूषणों की बनवाई पर 50% छूट और सोने के भाव में 2500 रु प्रति 10 ग्राम की अतिरिक्त बचत मिल रही है। इस आकर्षक स्कीम ने शादी-ब्याह की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ जुटा दी है। उज्जवल ज्वेलर्स में डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की एक विशाल रेंज उपलब्ध है। डायरेक्टर उज्जवल झाबक के अनुसार, डायमंड ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन की कीमत 1 लाख रुपए से शुरू होती है। इसके साथ ही, रजवाड़ा, एंटिक, पोलकी और टेम्पल ज्वेलरी की विस्तृत वैरायटी भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। ज्वेलरी की बनवाई मात्र 6% से शुरू है, जिससे ग्राहकों को अच्छी बचत होती है। ग्राहकों को अपने सोने और हीरे की जांच करने की सुविधा भी दी गई है। गोल्ड टेस्टिंग मशीन और डायमंड टेस्टिंग मशीन की मदद से ग्राहक पूर्ण संतुष्टि के साथ अपनी खरीदारी कर सकते हैं। इसके अलावा, यहां से खरीदे गए आभूषणों पर आजीवन मुफ्त रिपेयरिंग और पुराने जेवर पर शून्य कटौती की सुविधा भी उपलब्ध है। इस स्कीम के तहत 11 किस्तें जमा करने पर एक किस्त उज्जवल ज्वेलर्स की ओर से फ्री दी जाएगी। चांदी के सिक्के, बर्तन और फ्रेम जैसी विशिष्ट श्रृंखला भी यहां उपलब्ध है। सोने और हीरे के आभूषणों पर 100% बायबैक की सुविधा ग्राहकों को अतिरिक्त विश्वास दिलाती है। उज्जवल ज्वेलर्स में 1 लाख से अधिक डिजाइनों में से अपने पसंदीदा आभूषण चुन सकते है।

## बड़े आईपीओ की खराब लिस्टिंग का टूटेगा रिवाज

# हुंडई के आईपीओ की आज होगी स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के आईपीओ की 22 अक्टूबर 2024 को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग होगी।

- भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का यह सबसे बड़ा आईपीओ रहा

सोमवार 21 अक्टूबर 2024 को ग्रे मार्केट प्राइस के हिसाब से हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग इश्यू प्राइस 1960 रुपए से करीब 4 फीसदी के उछाल के साथ होने की उम्मीद है। हुंडई मोटर के जीएमपी में 20 अक्टूबर के मुकाबले 21 अक्टूबर को मामूली गिरावट आई है। हुंडई मोटर इंडिया साइज के हिसाब से भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ लेकर पिछले हफ्ते आई थी जो 15 से 17 अक्टूबर तक आवेदन के लिए खुला हुआ था।

कंपनी ने ऑफर फॉर सेल के तहत आईपीओ के जरिए 27870 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने 10 रुपए के फेस वैल्यू पर 1865 से 1960 रुपए आईपीओ का प्राइस बैंड फिक्स किया था।

### बड़े आईपीओ के निवेशकों के हाथ खाली!

रिटेल निवेशकों से मिले फीके रेस्पांस के बावजूद हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ मामूली ही सही लेकिन पॉजिटिव गेन के साथ स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होगा। साल 2003 में आए मारुति सुजुकी के आईपीओ के बाद हुंडई मोटर इंडिया पहली ऑटोमोबाइल कंपनी है जो अपना आईपीओ लेकर आई है। भारतीय शेयर बाजार का इतिहास रहा है कि जो भी कंपनी बड़ा आईपीओ लेकर आती है वो लिस्टिंग के समय निवेशकों को निराश करती है।




**आईपीओ 2.37 गुणा हुआ सब्सक्राइव**

बीएसई के डेटा के मुताबिक आईपीओ 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ है। आईपीओ पूरी तरह भरने में कामयाब रहा तो इसका क्रेडिट संस्थागत निवेशकों को जाता है। संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा कुल 6.97 गुना सब्सक्राइब हुआ है। जबकि गैर संस्थागत निवेशकों का कैटगरी 0.60 गुना और रिटेल निवेशकों का 0.50 गुना ही सब्सक्राइब हो सका।

### 18 आईपीओ ने किया निराश

कैपिटलमाइंड फाइनेंशियल सर्विसेज के एक स्टडी के मुताबिक साइज के लिहाज से देश में जो 30 आईपीओ लॉन्च हुए हैं उसमें से 18 आईपीओ ने निवेशकों को निराश किया है जिसमें रिलायंस पावर और पेटीएम जैसी कंपनियां शामिल है।

# ला लिगा : लेवांडोवस्की और टोरे के दो-दो गोल, बार्सीलोना ने सेविला को 5-1 से रौंदा

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो और गोल करके स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग 'ला लिगा' में अपने गोलों की संख्या 12 तक पहुंचा दी जिससे बार्सीलोना ने सेविला को 5-1 से शिकस्त दी। बार्सीलोना के लिए इस मैच में पाब्लो टोरे ने भी दो जबकि पेड्रि ने एक गोल किया।

इस जीत से बार्सीलोना ने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड पर तीन अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह दोनों टीमें इस सप्ताह जब आपस भी भिड़ेंगी तो बार्सीलोना के हौसले बुलंद होंगे। बार्सीलोना के लिए दिग्गज मिडफील्डर गावी ने घुटने की चोट से उबर कर लगभग एक साल के बाद मैदान पर वापसी की। वह मैच के 83वें मिनट में पेड्रि की जगह मैदान पर उतरे।




### 16 मिनट में दागे 3 गोल

पोलैंड के दिग्गज लेवांडोवस्की ने मैच के 24 वें मिनट और 39वें मिनट में गोल दागे। पेड्रि ने 28वें मिनट जबकि टेरी (82वां और 88वां मिनट) ने छह मिनट के अंदर दो गोल कर टीम की जीत के अंतर को बढ़ाया। सेविला के लिए स्टानिस इडुम्बो ने सांत्वना गोल किया।

### जीता एटलेटिको

अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने लेगानेस को 3-1 हराया जबकि विलारीयाल और गेटाफे का मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। मैलोर्का ने रेयो वैलेकैनो को 1-0 से शिकस्त दी।

## अब एसीएल मैच सुरक्षा कारणों से दुबई में होगा

**वॉशिंगटन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं के कारण अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने पिछले सप्ताह जारी बयान में इसकी जानकारी दी थी। भारत ने इस फैसले पर हैरानी जताई है क्योंकि सात अक्टूबर को एएफसी ने कहा था कि कोलकाता के मोहन बागान क्लब ने ट्रैक्टर एससी के खिलाफ दो अक्टूबर को दूसरी श्रेणी के एएफसी चैम्पियंस लीग दो के मैच के लिये ईरान जाने से इनकार किया था लिहाजा माना जायेगा कि उसने नाम वापिस ले लिया है। सिर्फ अल नासर ही नहीं बल्कि ट्रैक्टर का ताजिकिस्तान के रावशान के खिलाफ घरेलू मैच भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। ईरान और कतर के बीच 15 अक्टूबर का मैच भी कतर से दुबई स्थानांतरित किया गया।



## खबर संक्षेप



### तीन साल के लिए आईसीसी अध्यक्ष बनेंगे जय शाह!

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड ने अपने चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल दो साल के बजाय तीन साल करने की सिफारिश की है। आईसीसी के सदस्य देश अगर इन सिफारिश को मंजूर कर लेते हैं तो इसका मतलब होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह तीन साल के लिए विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था के चेयरमैन बनेंगे। शाह इस साल एक दिसंबर को आईसीसी के सर्वोच्च पद का कार्यभार संभालेंगे। आईसीसी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद वह अपने दूसरे कार्यकाल में अगले तीन साल के लिए भी इस पद पर आसीन हो सकते हैं।

### किशन की वापसी, ऋतुराज इंडिया ए टीम के कप्तान

**नई दिल्ली।** इशान किशन की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है और उन्हें सोमवार को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम में शामिल किया गया। रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ शानदार शतक लगाने वाले महाराष्ट्र के गायकवाड़ को इंडिया ए टीम का कप्तान बनाया गया है।

### फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से मिली हार

# दीपिका ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में जीता पांचवां रजत




एजेंसी ▸▸| टिलेक्सकला

भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से हार गई। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी। सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4-2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा।

### दीपिका का प्रदर्शन

सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी। पहला सेट उसने एक अंक से (26-27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की लेकिन ली ने 30-28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27-25 से जीत दर्ज की। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 (28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी।

## हॉकी का ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों 2026 से बाहर होना तय

**मेलबर्न।** हॉकी का 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होना तय है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो लागत में कटौती करना चाहता है। इसकी जानकारी यहां कई मीडिया रिपोर्ट में दी गई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ और राष्ट्रमंडल खेल महासंघ दोनों इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।



हॉकी को 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया था और तब से वह इन खेलों का अभिन्न अंग बना रहा लेकिन मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ग्लासगो खेलों के आयोजक नेट बॉल और रोड रेसिंग के साथ हॉकी को भी खेलों से हटाना चाहते हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2026 आयोजन पहले ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन वह बढ़ती लागत के कारण मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने इन खेलों की मेजबानी करने के लिए कदम बढ़ाया। खेलों का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित किया जाना है। इस संदर्भ में पीटीआई ने जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ से संपर्क किया तो उसने कार्यक्रम के आधिकारिक तौर पर जारी होने तक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### टेनिस

## भारत करेगा चैलेंजर स्तर की 4 प्रतियोगिताओं की मेजबानी



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अखिल भारतीय टेनिस संघ ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी।

एआईटीए ने कहा, 'एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है।' चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नई दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी।

एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी।

## इमर्जिंग एशिया कप : भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**अल अमरात।** भारत ने सोमवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात को सात विकेट से हराकर इमर्जिंग टीम एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम की यह टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। भारत फिलहाल ग्रुप बी में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप गेम में मेजबान ओमान से भिड़ेगा। अभिषेक शर्मा की 58 रन की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी से भारत ने 55 गेंद रहते 108 रन का लक्ष्य हासिल करने की औपचारिकता पूरी की। कप्तान तिलक वर्मा ने 18 गेंद में 21 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की टीम 16.5 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई।




### क्रिकेट

## 151 शतक, 48 हजार रन 84 साल के हुए बॉयकॉट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

क्रिकेट जगत में ऐसे कम ही बल्लेबाज हुए हैं, जिनके नाम फर्स्ट क्लास मैचों में सौ या उससे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। इंग्लैंड के महान बल्लेबाज सर ज्योफ्री बॉयकॉट का नाम भी इसमें शामिल है। बॉयकॉट सोमवार को 84 साल के हो गए। बॉयकॉट ने अपने क्रिकेटिंग करियर में शतकों और रनों की बरसात कर डाली। बॉयकॉट को आउट करने में गेंदबाजों के पसीने छूट जाते थे। वैसे ज्यादा स्लो खेलने के चलते उनकी आलोचना भी होती थी। ज्योफ्री बॉयकॉट की डिफेंस को भेदना गेंदबाजों के लिए काफी मुश्किल रहता था। इंग्लैंड के लिए वे कितने मूल्यवान थे, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने जो 108 टेस्ट खेले, उसमें केवल 20 में इंग्लिश टीम को हार का सामना करना पड़ा। जून 1964 में अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले ज्योफ्री बॉयकॉट का इंग्लैंड के लिए शानदार रिकॉर्ड रहा।



### 108 टेस्ट में 22 शतक

बॉयकॉट ने 108 टेस्ट मैचों 47.72 की औसत से 8114 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 22 शतक और 42 अर्धशतक निकले। बॉयकॉट ने इंग्लैंड के लिए 36 वनडे मुकाबले भी खेले, जिसमें उनके नाम पर 36.06 के एवरेज से 1082 रन दर्ज हैं। बॉयकॉट ने वनडे इंटरनेशनल में एक शतक के अलावा 9 अर्धशतक लगाए।

### फर्स्ट क्लास में 151 शतक

इस दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड तो काफी अचंभित करने वाला रहा। बॉयकॉट ने 609 फर्स्ट क्लास मैचों में 56.83 की औसत से 48426 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 151 शतक और 238 अर्धशतक निकले। बॉयकॉट का फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बेस्ट स्कोर नाबाद 261 रन रहा। बायकॉट ने 313 लिस्ट-ए मैच भी खेले, जिसमें उन्होंने 39.12 की औसत से 10095 रन बनाए। लिस्ट-ए क्रिकेट में बायकॉट ने 8 शतक और 74 अर्धशतक जड़े।

### फर्स्ट क्लास में शतक

| खिलाड़ी | देश | मैच | रन | शतक | फिफ्टी |
|---|---|---|---|---|---|
| जैक हॉब्स | इंग्लैंड | 834 | 61760 | 199 | 273 |
| हेनरी हेंड्रेन | इंग्लैंड | 833 | 57611 | 170 | 272 |
| वाली हैमंड | इंग्लैंड | 634 | 50551 | 167 | 185 |
| फिल मिड | इंग्लैंड | 814 | 55061 | 153 | 258 |
| ज्यॉफ बॉयकॉट | इंग्लैंड | 609 | 48426 | 151 | 238 |
| हर्बर्ट सरक्लिफ | इंग्लैंड | 754 | 50670 | 151 | 230 |

## रणजी ट्रॉफी : छत्तीसगढ़ ने ड्रॉ मैच से हासिल किए 3 अंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रणजी ट्रॉफी में ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच सोमवार को राजकोट में सौराष्ट्र टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 174 ओवरों में 7 विकेट खोकर 578 रन बनाकर पारी घोषित कर दी।

छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 203 रन बनाए। इसके अतिरिक्त संजित देसाई ने भी शानदार शतक लगाते हुए 146 रनों की पारी खेली। शुभम अग्रवाल व आयुष पांडे ने 52-52 रनों का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से धर्मेन्द्र जडेजा, नवनीत तथा पार्थ ने 2-2 विकेट प्राप्त किए जबकि जयदेव उनादकट विकेट लेने में असफल रहे।



### पुजारा ने खेली 234 रनों की पारी

चौथे दिन की समाप्ति तक सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 137.3 ओवरों में 8 विकेट खोकर 478 रन बनाए। सौराष्ट्र की ओर से चेतेश्वर पुजारा ने सर्वाधिक 234 रन बनाए साथ ही अंकित वसावडा ने 73 रन तथा शेल्डन जैक्शन ने 62 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक सिंह ने 3 विकेट, आशीष चौहान, अजय मंडल, वासुदेव बरेथ, रवि किरण तथा शुभम अग्रवाल ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। दोनों ही टीमों को 1-1 अंक प्राप्त हुए।




## रेलवे ने जीता महिला हॉकी खिताब

**नई दिल्ली।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने इंडियन आइल को 3-1 से हराकर सीनियर महिला अंतर विभाग राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप जीत ली और पिछले साल मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में भारत की कुछ शीर्ष महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इंडियन आइल के लिए 18वें मिनट में दीपिका ने गोल दागा। रेलवे के लिए भारत की सबसे अनुभवी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने एक मिनट बाद ही गोल दागा। चौथे क्वार्टर में रेलवे की कप्तान नवनीत कौर ने फिर टीम को बढ़त दिलाई। वहीं भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने विजयी गोल दागा। सलीमा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### साक्षी ने अपनी आत्मकथा 'विटनेस' के लांच पर दिया बयान

## 100 ग्राम क्या... यूडब्लूडब्लू में 10 ग्राम भी नहीं चलता

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने महिला 50 किलो फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय फैन्स को उम्मीद थी कि विनेश फाइनल मैच जीतकर इतिहास रचेंगी क्योंकि रेसलिंग में भारत अब तक कोई ओलंपिक स्वर्ण नहीं जीत सका। मगर फाइनल से पहले एक ऐसी खबर आई, जसिने फैन्स को हैरान कर दिया।




विनेश को पेरिस ओलंपिक से डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था। फाइनल मुकाबले से पहले जब उनका वजन मापा गया, तो वो 50 किलोग्राम से 100 ग्राम अधिक निकला। अब विनेश फोगाट पर भारतीय रेसलर साक्षी मलिक ने बयान दिया है। साक्षी मलिक ने एक इंटरव्यू में विनेश के साथ पेरिस ओलंपिक में हुए उस वाकये को याद किया। साक्षी ने कहा कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग नियमानुसार 10 ग्राम ज्यादा वजन की भी अनुमति नहीं देता। साक्षी की आत्मकथा विटनेस प्रकाशित हुई, जिसमें इस रेसलर ने अपने करियर से जुड़ी उपलब्धियों, विवादों पर प्रकाश डाला है। साक्षी मलिक ने कहा, 'वहां पर मैं थी नहीं, लेकिन 100 ग्राम भी वजन घटाना भी काफी मुश्किल होता है। यूडब्लूडब्लू के मुताबिक यदि आपका वजन 10 ग्राम भी ज्यादा हो जाए तो आप बाहर हो जाएंगे। विनेश का तो 100 ग्राम था। यूडब्लूडब्लू तो 10 ग्राम की भी परमिशन नहीं देता है।


## ई नीलामी सूचना

ऋण वसूली अधिकरण
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवायें विभाग ( बैंकिंग प्रभाग )
797 - द्वितीय तल शांति कुन्ज जबलपुर - ( मप्र ) 482001

**केस नं. : आरसी 687/2018 / ओ.ए.नं. 704/2017**
**ई-नीलामी क्रमांक 271/2024**

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** वि. **मे. महानदी कंस्ट्रक्शन** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक आरसी नं. आरसी 687/2018/ओ.ए. नं. 704/2017 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **रु. 1,06,70,914.00 (रुपए एक करोड़ छह लाख सत्तर हजार नौ सौ चौदह मात्र)** तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक 11.08.2017 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई नीलामी की तिथि एवं समय : - 02-12-2024 दोपहर : 12.00 से 01.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**श्री राकेश त्रिपाठी पिता श्री कलाधर त्रिपाठी के नाम पर खसरा क्र. 226/6 का भाग, ब्लॉक क्र.-सी, भूखण्ड क्र.-1 तथा 2, क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट, ग्राम-बेलभाटा, पी.सी. क्र.-26, रा.नि.मं. - गोबरा नवापारा, तहसील - अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) पर स्थित आवासीय भूखण्ड।**
**प्रारक्षित मूल्य :- रूपये 10,08,000.00 (रुपए दस लाख आठ हजार मात्र)**

**विक्रय की शर्तें**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु मे. सी-1 इंडिया प्रा.लि., वेबसाइट : **https://www.bankeauctions.com**;हेल्पलाइन नं. **0124-4302020/21/22/23/24**, ई-नीलामी में बोलीकर्ता के सहायता हेतु संपर्क करें - श्री मिथलेश कुमार, मो. क्र. **7080804466**; ई-मेल आईडी:- **mpcg@c1india.com** अथवा ई-मेल आईडी: **support@bankeauctions.com.**
2. ईच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तो का अवलोकन कर ले।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ ले)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये, **रु. 1,00,800.00 (रुपए एक लाख आठ सौ मात्र)** है, आरटीजीएस/एनईएफटी/मनी ट्रांसफर द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित खाता क्र. **20020210000380** वसूली अधिकारी के नाम पर, ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर, **यूको बैंक, नवयुग कॉलेज शाखा, जबलपुर (आईएफएससी कोड: UCBA0002002)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. **निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 29.11.2024 अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी।**
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797 - द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम **रु. 11,000.00 (रुपए ग्यारह हजार मात्र)** होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन **आरटीजीएस/एनईएफटी/मनी ट्रांसफर** के द्वारा कंडिका -4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 ( प्रति संपत्ति अलग अलग ) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात् पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति **"जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत"** के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **18-11-2024 प्रात: 12 बजे से 16 बजे** तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **श्री संदीप कुमार, मुख्य प्रबंधक, मो. नं. 75090 62631** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण मे. सी-1 इंडिया प्रा. लि. वेबसाइट : https://www.bankeauctions.com; हेल्पलाइन नं. 0124-4302020/21/22 / 23 / 24, ई-नीलामी में बोलीकर्ता के सहायता हेतु संपर्क करें - **श्री मिथलेश कुमार, मो. नं. 7080804466**; ई-मेल आईडी :- mpcg@c1india.com अथवा ई-मेल आईडी :-support@bankeauctions.com.
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **श्री संदीप कुमार, मुख्य प्रबंधक, मो. नं. 75090 62631** से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय / स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वत: सुनिश्चित करनी होगी। डी आर टी / बैंक / सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विघुत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर
**स्थान : जबलपुर**
**दिनांक : 11.10.2024**

**(वात्सल्य कुमार)**
**वसूली अधिकारी 1**

# भारत की सबसे महंगी सब्जियां, कीमत इतनी कि सुनकर घूम जाएगा दिमाग

*नई दिल्ली। क्या आपने कभी सोचा है कि भारत की सबसे महंगी सब्जी कौन सी है? आपकी राय में शायद ब्रोकली, मशरूम या शिमला मिर्च हो सकती है, लेकिन आप गलत हैं। आज हम आपको भारत की कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी कीमत जानकर आप हैरान रह जाएंगे। देखा जाए तो सब्जियां हमारे रोजमर्रा की जिंदगी का एक अहम हिस्सा हैं। ये हमें पोषण प्रदान करती हैं और स्वस्थ रखती हैं। कुछ सब्जियां इतनी कीमती होती हैं कि आम आदमी इसको खरीदने के बारे में सोच भी नहीं पाता है। यही वजह है कि बहुत से लोग इन सब्जियों के नाम भी नहीं जानते हैं।*

## गुच्छी मशरूम

यह सामान्य मशरूम से बहुत अलग होता है। गुच्छी मशरूम भारत में हिमाचल प्रदेश और



जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों में पाया जाता है। इसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए से 50 हजार रुपए प्रति किलो तक होती है। यह इतना महंगा इसलिए है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से उगता है। गुच्छी मशरूम का स्वाद काफी लाजवाब होता है और इसके कई तरह के व्यंजन भी बनाए जाते हैं। गुच्छी मशरूम कई औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसका औषधीय नाम मार्कुला एस्क्यूपलेटा है। गुच्छी मशरूम स्वाद के मामले में बेजोड़ मशरूम है। इसका उत्पादन रोजगार का अच्छा साधन सिद्ध हो सकता है अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 30 हजार रुपए किलो है।

## बस्तर बोड़ा



बस्तर बोड़ा छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र का एक विशेष प्रकार का मशरूम है। यह एक तरह का कंद मशरूम है जो साल के पेड़ की जड़ों के पास मिट्टी के नीचे उगता है। इसकी पैदावार जून जुलाई के महीने में अधिक होती है। आमतौर पर बस्तर बोड़ा की कीमत तीन हजार से चार हजार रुपये प्रतिकिलो होता है। इसे 'बस्तर का काला सोना' भी कहा जाता है।

## सांगरी

यह सब्जी राजस्थान में पाई जाती है। इसकी कीमत करीब 2000 रुपए प्रति किलो तक होती है। सांगरी को सूखाकर इस्तेमाल किया जाता है और इसका स्वाद थोड़ा खट्टा होता है। इसे दाल और सब्जी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

## सूखा केर

राजस्थानी केर को देशी बेर भी कहा जाता है। सूखे केर की सब्जी बहुत स्वादिष्ट होती है। केर राजस्थान के



रेगिस्तानी इलाकों में पाया जाता है। केर न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। इसकी कीमत अन्य सब्जियों की तुलना में काफी अधिक होती है, क्योंकि यह सीमित मात्रा में ही पैदा होता है और इसकी मांग बहुत अधिक है। केर का इस्तेमाल अचार, मुरब्बा और अन्य व्यंजनों को बनाने में किया जाता है।

# वो कौन सा जानवर है जिसका दूध नहीं फटता है?

## इसे पीने वाले हमेशा रहते हैं 'जवान', इनके लिए अमृत!

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

सोशल मीडिया पर एक सवाल तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पूछा गया है कि वो कौन-सा जानवर है, जिसका दूध नहीं फटता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या वाकई में ऐसा कोई जानवर है? आज हम आपको इस बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं। लेकिन उससे पहले बता दें कि दुनियाभर के ज्यादातर देशों के लोग जमकर दूध पीते हैं, क्योंकि इसे सबसे पौष्टिक आहारों में से एक माना जाता है।

दूध में कई फायदेमंद चीजें होती हैं, जिसमें प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन बी-2, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, आयोडीन और फैट प्रचुर मात्रा शामिल हैं। आमतौर पर लोग गाय-भैंस का ही दूध पीते हैं। लेकिन, एक तय सीमा के अंदर इन जीवों के दूध फट जाते हैं। लेकिन यूजर के सवाल का जवाब भी जरूरी है। इसका जवाब देते हुए एक शख्स ने ऊंटनी का नाम लिया है और कहा है कि इसका दूध कभी नहीं फटता है।



### ऊंटनी का दूध पीने के हैं बहुत फायदे

ऊंटनी का दूध पीने के बहुत फायदे हैं, इसे बहुत ताकवतर माना जाता है। एक तरफ जहां इसे शुगर पेशेंट यानी कि डायबिटिज मरीजों के लिए अमृत माना जाता है, तो दूसरी ओर दावा किया जाता है कि इसे इस्तेमाल करने वाले हमेशा जवान बने रहते हैं। उनका स्कीन बिल्कुल युवाओं की तरह रहता है। इसमें ब्लड शुगर को नियंत्रित करने की ताकत होती है। अगर आप रोजाना ऊंटनी का दूध पीएं तो फास्टिंग शुगर लेवल कम हो सकता है। नाश्ते में इसे लें तो दिनभर शुगर मेंटेन रहती है। कोलेस्ट्राल और यहां तक कि आपके चेहरे से बुढ़ापा दूर करने के लिए यह दूध बहुत अच्छा माना गया है।

### बैक्टिरिया की वजह से फट जाते हैं दूध


हालांकि, उपलब्ध जानकारी के मुताबिक किसी भी जानवर के दूध में बैक्टिरिया होते हैं, जिसकी वजह से दूध फट जाते हैं। एक्सपर्ट इसे एक नेचुरल प्रक्रिया मानते हैं। हालांकि, डेयरी फार्म में इन दूधों को कई अलग-अलग केमिकल डालकर काफी देर तक फटने से बचाया जाता है। इसके लिए कुछ कंपनियां न्यूट्रीलाइजर, स्टार्च और फोरमिलीन जैसे केमिकल इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में पॉकेट वाले दूध अक्सर तीन-चार दिनों तक बिना फटे सुरक्षित रहते हैं। लेकिन केमिकल वाले दूध कहां फायदेमंद होंगे? ऐसे में पॉकेट वाले दूध की जगह ज्यादातर लोग सीधे-सीधे ग्वाले से ही इसे खरीदना पसंद करते हैं।

हरिभूमि आवश्यकता है inh 24x7
रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए
ग्राफिक्स डिजाइनर
(ऑनलाईन)
WASP की जानकारी अनिवार्य
सीनियर मेल एंकर
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
95222 83349
07714242252

# टैक्सी में छूटा करोड़ों का सामान तो ड्राइवर ने पुलिस को सौंपा

एजेंसी ▶▶ दुबई

दुबई अपनी आलीशान इमारतों, लग्जरी लाइफस्टाइल और अद्भुत नजारों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। ये शहर कई लोगों के सपनों को अपने अंदर समेटे हुए है। दुबई में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा, ऑर्टिफिशियल आइलैंड और शानदार मॉल हैं। देखा जाए तो दुबई अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए दुनियाभर में मशहूर है। मगर दुबई सिर्फ ऊंची इमारतों, लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए ही नहीं जाना जाता है, बल्कि यह शहर उन मूल्यों के लिए भी जाना जाता है जो इंसानियत की



नींव को मजबूत बनाते हैं। हाल ही में दुबई से एक ऐसा किस्सा सामने आया है जो इंसानियत और ईमानदारी का एक नया मिसाल कायम किया है। आज के समय में जहां लोग दौलत और शोहरत के पीछे इतने पागल हैं कि हर शॉर्टकट अपनाते हैं। वहीं, दुबई के एक टैक्सी ड्राइवर ने एक ऐसा उदारहण पेश किया है कि दुबई तो छोड़िए पूरी दुनिया उसे याद रखेगी।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, जब दुबई के एक टैक्सी ड्राइवर हमदा अबू जैद ने 10 लाख दिरहम का कीमती सामान पाया तो उनके पसीने छूट गए। अबू जैद मिस्र के रहने वाले हैं, उन्होंने बिना लालच किए सामान को तुरंत पुलिस को सौंप दिया ताकि सामान सही शख्स तक पहुंच सके। बता दें कि दुबई की करेंसी यूएई दिरहम है और एक यूएई दिरहम में लगभग 23 रुपए होते हैं। अब देखा जाए तो करीब 2.3 करोड़ के सामान को अबू जैद ने पुलिस को सौंपा है। इस भले काम के लिए दुबई पुलिस ने ड्राइवर अबू जैद को सम्मानित किया है और साथ ही उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है और इस नेक काम के लिए बधाई दी है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग



जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
कार्डियोलॉजी विभाग
डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

Hero GIFT
Grand Indian Festival of Trust
॥ इस पुष्य नक्षत्र ॥
फाइनेंस ऑफर्स सबसे ख़ास



लिमिटेड पीरियड ऑफर्स
EMI ₹ 1999^ से शुरू
कम डाउन पेमेंट ₹ 1999^
ब्याज़ दर @ 5.99%^
फेस्टिव एक्स-शोरूम प्राइस®
~~₹69,668~~ ₹64,168
(₹4500 नकद छूट सहित)
नई HF-Deluxe
Toll Free Number: 1800 266 0018
India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply
$Additional Cash Discount Available On Flipkart amazon
~Instant Cashback Available On HDFC BANK pine labs PAY LATER
Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. ®Festive Ex-showroom price of HF Deluxe Self including cash bonus in Raipur. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations.
अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरदेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983
FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com